26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 25 दिसम्बर, 2025

अंक- 62 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# पत्नी-बेटी के साथ बांग्लादेश लौटे तारिक रहमान

## ढाका की सड़कों पर उमड़ा समर्थकों का हुजूम

ढाका (एजेंसी/चिंगारी)। बांग्लादेश में बिगड़ते हालातों के बीच बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान 17 साल के बाद लंदन से ढाका पहुंच गए हैं, जहां पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। तारिक के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में बीएनपी कार्यकर्ताओं और समर्थकों हुजूम सड़कों पर उतर पड़ा है। वहीं, तारिक रहमान की वापसी को पार्टी फरवरी 2026 के चुनावों से पहले बड़ा राजनीतिक बढ़त मान रही है। उधर, छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद से बांग्लादेश में हालात बेकाबू होते जा रहे हैं। बुधवार को ढाका में एक शक्तिशाली विस्फोट के बाद बांग्लादेश में फिर से हिंसा भड़क उठी। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। विस्फोट के बाद भड़की भीड़ ने देर रात को ढाका यूनिवर्सिटी में तोड़फोड़ की, जिससे दहशत फैल गई। हमलावर काजी नजरुल इस्लाम की कविताएं और धार्मिक नारे लगाते हुए टेबल-कुर्सियां तोड़ते रहे। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेताओं और अपने परिजनों से मुलाकात के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच तारिक अनवर ढाका एयरपोर्ट से रवाना हो गए हैं। हवाई अड्डे से बाहर निकलते ही उन्होंने एयरपोर्ट की मिट्टी को हाथ में लेकर मुल्क की धरती को सलाम किया।



# कर्नाटक में बस-ट्रक की टक्कर में दस लोग जिंदा जले

चित्रदुर्ग (एजेंसी/चिंगारी)। कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले में आज तड़के एक निजी बस एवं ट्रक की आमने-सामने की टक्कर के बाद आग लगने से दस लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि यह हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर हिरियूर तालुक के गोरलाथु गांव के पास तड़के हुआ। उन्होंने बताया कि बेंगलुरु से शिवमोग्गा जा रही बस टक्कर के तुरंत बाद आग की चपेट में आ गई, जिससे आग तेजी से फैल गई और कई यात्री अंदर फंस गए। चित्रदुर्ग के पुलिस अधीक्षक रंजीत कुमार बंदारू और पुलिस महानिरीक्षक बी आर रविकांत गौड़ा सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी दुर्घटनास्थल पर पहुंचे। दमकल विभाग की टीमें भी मौके पर पहुंचीं और बचाव अभियान चलाया गया और घायलों और मृतकों को हिरियूर और चित्रदुर्ग के अस्पतालों में ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि बस में चालक और सह चालक सहित 32 यात्री सवार थे। इनमें से 21 घायल हो गए और उनका इलाज चल रहा है, जिनमें से कई गंभीर रूप से जल गए हैं, जिससे मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है।


## आवश्यकता है

इंडियन रेलवे में राजधानी एक्सप्रेस, वंदे भारत, तेजस्व ट्रेन में ट्रेन वेटर/ सुपरवाइजर की। वेटर की योग्यता आठवी पास एवं सुपरवाइजर की योग्यता ग्रेजुएट। तुरंत आवश्यकता है सम्पर्क करें-

पता- संस्कार पाठशाला, एसआरएस मॉल के अंदर, शक्ति चौक, बिजनौर

मो. 9456951520



## आवश्यकता

देहली में छोटे घर के रखरखाव व खाना बनाने हेतु छोटा लड़का या महिला सम्पर्क करें।

मो. 9616555822


## चर्च में प्रार्थना में शामिल हुये पीएम मोदी

आज क्रिसमस 2025 के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के कैथेड्रल चर्च ऑफ द रिडेम्पशन में दिल्ली और उत्तर भारत के असंख्य ईसाई समुदाय के साथ क्रिसमस की सुबह की प्रार्थना सभा में भाग लिया। इस प्रार्थना सभा में प्रार्थना, कैरल, भजन और दिल्ली के बिशप, रेवरेंड डॉ. पॉल स्वरूप द्वारा प्रधानमंत्री के लिए विशेष प्रार्थना शामिल थी। वहीं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा- मैंने दिल्ली के कैथेड्रल चर्च ऑफ द रिडेम्पशन में क्रिसमस की सुबह की प्रार्थना सभा में भाग लिया। प्रार्थना सभा में प्रेम, शांति और करुणा का शाश्वत संदेश झलक रहा था। आशा है कि क्रिसमस की भावना हमारे समाज में सद्भाव और मेलजोल को प्रेरित करेगी।





## मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल नहटौर

स्कूल की विशेषताएं

- -प्रशिक्षित एवं योग्य शिक्षक
- -पर्यावरण अनुकूल वातावरण
- -विद्यार्थियों का समग्र विकास
- -बड़ी एवं हवादार कक्षाएं
- -प्रत्येक विद्यार्थी पर व्यक्तिगत ध्यान
- -अंग्रेजी उच्चारण में दक्षता हेतु विशेष कक्षाएं
- -पूर्ण सुसज्जित पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला, गणित प्रयोगशाला एवं कम्प्यूटर प्रयोगशाला।
- -खेलकूद हेतु बड़े मैदान की व्यवस्था।
- -स्मार्ट क्लासेस एवं आधुनिक तकनीकों द्वारा शिक्षण।

Admission Open For Session (2026-27)

### आवश्यकता है

सुरक्षा गार्ड, गन मैन, ड्राइवर और आया की एवं सभी विषयों के लिए शिक्षकों की। इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा What'sapp No. -9870947832 या mepsnehtaur6@gmail.com पर (31 दिसम्बर) तक भेज सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए 9870947832, 9027816411



## बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES | भगन्दर FISTULA | फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी

MS (Anorectal Surgeon)

(गुदा रोग विशेषज्ञ)

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें

आने से पहले कॉल करें-

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

SUSHRUTA COLORECTAL CENTRE

## सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साई अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर



## राशिफल

विमल जैन
हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**शुक्रवार, 26 दिसम्बर 2025**

मेष- व्यवसाय में उन्नति, स्वजनों-परिजनों के माध्यम से कुछेक मसला हल, सुख के जरूरी साधन सुलभ, बकाए धन की प्राप्ति, बौद्धिक क्षमता का विकास, धनलाभ भी।

वृषभ- परिस्थितियाँ सुधार पर, शिक्षा एवं प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, वैवाहिक जीवन संतोषजनक, आपसी सौहार्द, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, धार्मिक स्थलों की यात्रा।

मिथुन- ग्रहस्थिति भाग्य के अनुकूल, साहसिक प्रयास प्रगति पर, आकांक्षित सिद्धि में अनुकूलता, सामाजिक कृत्यों में अभिरुचि, मानसिक शांति, आनंद की अनुभूति, मन प्रसन्न।

कर्क- कार्यों में गतिरोध, पारिवारिक वातावरण असंतोषजनक, भौतिक सुख में न्यूनता, सहयोगियों के गतिविधियों से मानसिक तनाव, व्यर्थ भ्रमण, खर्च से परेशान, मानसिक अशान्ति।

सिंह- ग्रहस्थिति अनुकूल, स्वजनों-परिजनों से विचार-विमर्श, समस्या का समाधान, महत्वपूर्ण उपलब्धि, चिन्ताएँ कुछ कम होने को, बौद्धिक क्षमता का विकास, हर्ष भी।

कन्या- योजना साकार, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, सुयश की प्राप्ति, राजनैतिक गतिविधियों की ओर रुझान, मौजमस्ती के निमित्त अधिक व्यय, आत्मिक शान्ति।

तुला- निराशा का समापन, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, शुभसमचार मिलने से खुशी, स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम उपस्थित।

वृश्चिक- कार्य-व्यापार में असंतोष, योजना अधूरी, विचारों में उग्रता, दूसरों की गलतफहमी के शिकार, यात्रा विफल, मित्रों-परिजनों से आपसी मदभेद, विश्वासघात से कष्ट।

धनु- सामयिक सिद्धि का प्रयास सार्थक, आर्थिक लाभ, सुसमाचार की प्राप्ति, धन सम्पत्ति का मसला सुलझने की ओर, जीवनसाथी से सामंजस्य, आय के नवीन स्रोत उपलब्ध।

मकर- विनियोजित धन का प्रतिफल, धर्म में आस्था, पत्नी के स्वास्थ्य के प्रति चिंता कुछ कम, राजनीतिक पक्ष से लाभान्वित, किसी के माध्यम से महत्वपूर्ण उपलब्धि।

कुम्भ- नवयोजना पर कार्यारम्भ, धनागम का मार्ग प्रशस्त, इच्छित प्राप्ति में व्यवधान समाप्त, मेल-मिलाप में रुचि, कर्ज की अदायगी का प्रयास, परोपकार की ओर प्रवृत्ति।

मीन- संकल्प विकल्प की स्थिति, व्यावसायिक निराशा, विश्वासघात की आशंका, स्पष्टवादिता घातक, निजी प्रतिभा का सदुपयोग करने से वंचित, व्यर्थ भ्रमण से हानि।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# पंडित मदन मोहन मालवीय : 'सादा जीवन, उच्च विचार' था जिनका आभूषण

-प्रवीण शास्त्री
(लोकतंत्र सेनानी)

**सादा जीवन उच्च विचारों वाले, विद्या का विचार और सद्व्यवहार सिखाने वाले, धर्म को धारण करने वाले, भक्ति को अपनाने वाले, सदाचार के धनी, सद्गुणों की खान, समाज सुधारकों में अग्रण्य पंडित मदन मोहन मालवीय का जीवन सदैव हमारे लिये प्रेरणादायी रहेगा।**

एक दिन जब मदन मोहन मालवीय जी मंदिर जा रहे थे, बहुत अधिक ठण्ड पड़ रही थी। सड़क के किनारे बैठा एक भिखारी ठण्ड से थर्र-थर्र कांप रहा था। शरीर बहुत कमजोर हो गया था, वह हर श्वांस से धसका रहा था। जब उसके ऊपर मालवीय जी की दृष्टि पड़ी तो उस भिखारी के उनके मन में करुणा का भाव जाग गया। उन्होंने एक गर्म चादर ओढ़ रखी थी। वही चादर उन्होंने अपने शरीर से उतारकर बड़े प्रेम से उस भिखारी को ओढ़ा दी। यह था उनका करुणा का भाव और दूसरों को हित पहुंचाने वाला हार्दिक भाव।

इलाहाबाद में चौक के पास एक कुत्ता बीमार अवस्था में कराह रहा था। उसके चोट लगने के कारण घाव में कीड़े पड़ गये। आने-जाने वाला कोई भी उसका दुःख नहीं समझ रहा था। खड़े होकर कुछ करुणा की आवाज करता और चल देता। उसी समय एक दस-बारह वर्ष की आयु का बालक स्कूल से जाता हुआ उधर आया। उस कुत्ते की पीड़ा को देखकर भावुक हो गया। वह तुरंत थोड़ी दूर पर रहने वाले एक डाक्टर के पास गया। कुत्ते की पीड़ा के संबंध में सब कुछ बताया। डाक्टर भी दयालु था। उसने बालक की सद्भावना देखकर बिना मूल्य की कुछ दवा दे दी। बालक कुत्ते के पास आया और उसके घाव पर दवा लगा दी। कुत्ता पीड़ा के कारण उसे गुर्राया, दांत दिखाये, पर वह बालक बिल्कुल नहीं डरा। कुत्ते को थोड़ी देर में आराम मिला। इस बालक का नाम था- मदन मोहन, जो आगे चलकर भारत वर्ष के एक महान नेता महामना मदन मोहन मालवीय जी के नाम से विख्यात हुआ।



मालवीय जी की देशभक्ति दिखावटी या सामयिक नहीं थी, वे आरंभ से ही राष्ट्रीयता और देशभक्ति के मूल तत्व को गहराई से जानते थे। मालवीय जी में अनेक गुण थे, किंतु उनके जीवन में दो मुख्य गुण थे। पहला सनातन धर्म परम्परा में उनका दृढ़ विश्वास और दूसरा उत्कृष्ट देशभक्ति। ये दोनों गुण उनमें मिलकर एक हो गये थे। धर्म ही उनका देश था और देश ही उनका धर्म था। उन्होंने बनारस में हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना की। उसके निर्माण के लिये उन्होंने घर-घर जाकर एक भिक्षुक की भांति चंदा एकत्रित करने में कोई शर्म नहीं की, किसी भी प्रकार से लज्जा महसूस नहीं की। समाज के हित में वे सर्वस्व लुटाने तक की बात करते थे। विश्वविद्यालय के चंदे के लिये मालवीय जी ने कहीं भी जाने और किसी से भी मांगने में संकोच नहीं किया। श्वेत वस्त्र धारण करने वाले, सादा जीवन उच्च विचार वाले इस महामना को कोई भी चंदा देने से पीछे नहीं हटता था। हमें महामना मदन मोहन मालवीय जी के जीवन से प्रेरणा अवश्य लेनी होगी, तभी हमारा जीवन सार्थक हो सकता है।

# संगत ने साहिबजादों और माता गुजरी कौर की शहादत को नमन किया



**सफ़र-ए-शहादत**

**चांदपुर (चिंगारी)।** सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिबजादों व माता गुजरी कौर की शहादत को नमन करने को लेकर गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा चांदपुर में सफर-ए-शहादत का आयोजन किया गया। शाम चार बजे से विशेष दीवान सजाया गया। सर्वप्रथम सजे दीवान में सुखमणि साहिब, पांच बाणी का पाठ व शबद कीर्तन किया गया। भाई सतवंत सिंह, भाई प्रदीप सिंह, बलविंदर सिंह शुभम, भूपेंद्र सिंह नीटू, चांदपुर गुरुद्वारे के हेड ग्रंथि ज्ञानी गुरमुख सिंह, दिल्ली सिख गुरुद्वारा के प्रचारक बूटा सिंह, परमजीत सिंह ने शब्द गुरबाणी तथा कथा विचारों से संगत को निहाल किया और बताया गुरु साहिब ने दो बड़े पुत्र बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह को चमकोर की जंग में दुश्मनों से लड़ने के लिए स्वयं तैयार करके भेजा ताकि कोई यह न कह सके कि गुरु जी ने सिखों के बच्चों को तो शहीद करवा दिया, पर अपने बच्चों पर आंच नहीं आने दी। दोनों साहिबजादों ने जंग के मैदान में लड़ते-लड़ते शहादत हासिल की। अकेले बाबा अजीत सिंह जी को 376 तीर लगे। छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह जिनकी उम्र 9 और 7 साल की थी, उन्हें जालिमों ने सरहिन्द की दीवार में जिन्दा चिनवा दिया। सरहिन्द की दीवारें आज भी उन पलों की गवाही भरती हैं जब माता गुजरी जी और साहिबजादों को कड़ाके की सर्दी में ठण्डे बुर्ज में कैद करके रखा गया। साहिबजादों को तरह-तरह के लोभ लालच दिये गये, पर वह अपने निश्चय पर अडिग रहे और अन्त में शहादत का जाम पी गये। इस अवसर पर गुरुद्वारे के प्रधान अच्छन सिंह, सेक्रेटरी परवेंदर सिंह विक्की, गुरुदयाल सिंह, रविन्द्र सिंह सोनू, गुरुप्रीत सिंह, गुरुज्ञान सिंह, महिपाल सिंह शेरू आदि संगत मौजूद रही। कार्यक्रम का संचालन मा. हरजीत सिंह व सुरजीत सिंह भाटिया ने संयुक्त रूप से किया ।

# गुरु पर्व की तैयारी, जोर-शोर से जारी

**बिजनौर (चिंगारी)।** सिखों के दशम गुरु गुरु गोविंद सिंह के 359वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में श्री गुरुद्वारा प्रबंध संचालन समिति स्टेशन रोड बिजनौर में भव्य आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। गुरुद्वारे के उपप्रधान हरचरण सिंह ने बताया कि इसी क्रम में 24 दिसंबर से प्रभातफेरी की शुरुआत की गई, जो 28 दिसम्बर 2025 तक प्रतिदिन निकाली जाएगी। कार्यक्रम के अनुसार सहज पाठ साहिब पिछले एक महीने से चल रहे हैं, जिसकी समाप्ति 28 दिसम्बर दिन रविवार को प्रकाश पर्व के दिन होगी। प्रभातफेरी गुरुद्वारा साहिब से प्रारंभ होकर आदर्श नगर से किरतपुर रोड पर होते हुए पुनः गुरुद्वारा साहिब में समापन हुआ। प्रभातफेरी के दौरान श्रद्धालुओं ने गुरु महिमा का गुणगान करते हुए भक्तिभाव से सहभागिता की। इस अवसर पर गुरुद्वारे के उपप्रधान सिंह हरचरण सिंह, प्रबंधक मानवेंद्र सिंह, सुरजीत सिंह, गुरुद्वारा सुधार कमेटी के प्रधान सरदार विजयपाल सिंह, डॉक्टर पुष्पेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, गुरदीप कौर, बीबी अनीता कौर, जितेंद्र कौर आदि का विशेष सहयोग रहा ।



## क़ानून का राज स्थापित करना सरकार की पहली प्राथमिकता : योगी



**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शीतकालीन सत्र के दौरान अनुपूरक बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि समाज की पहली आवश्यकता सुरक्षा है और कानून का राज स्थापित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। श्री योगी ने कहा कि हर व्यक्ति, व्यापारी और बेटी को सुरक्षित महसूस होना चाहिए और उनकी सरकार ने इस दिशा में ठोस परिणाम दिये हैं, जिसका उत्तर प्रदेश की जनता लगातार समर्थन कर रही है। उन्होंने विपक्ष पर तीखा हमला करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों में माफिया और अपराधियों के सामने सत्ता झुकती थी। मुख्यमंत्री ने पूजा पाल प्रकरण का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय न्याय दिलाने का साहस नहीं था, जबकि उनकी सरकार ने यह तय किया है कि न्याय किसी पक्ष या दल को देखकर नहीं, बल्कि कानून के आधार पर होगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि बेटी चाहे किसी भी पक्ष की हो, उसे हर हाल में न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि विजमा यादव को भी उन्होंने भरोसा दिलाया था कि सरकार उन्हें पूरी सुरक्षा देगी।

## वाजपेयी ने छह दशक तक भारतीय राजनीति को नई ऊंचाई दी- मुख्यमंत्री

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने छह दशक तक भारतीय राजनीति को नई ऊंचाई दी, उसे मूल्यों और आदर्शों के साथ जोड़ा। श्री योगी ने कहा कि राजनीति में हम किसी भी ओर रहें, लेकिन अपनी धमक और पहचान को लेकर उसे आगे बढ़ा सकते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने रक्षामंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह की उपस्थिति में 'अटल गंगा कार्यक्रम' को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि श्री वाजपेयी की प्रेरणा, संघर्ष और संकल्प उनकी कविताओं में भी दिखता है। वह कवि, लेखक, पत्रकार, दूरदृष्टा राजनेता भी थे। पूरे देश ने अभिभावक के रूप में उनका मार्गदर्शन लिया है। दुनिया भी उनका सम्मान करती थी। पूर्व प्रधानमंत्री भारतीय राजनीति के अजातशत्रु थे। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने 'अटल महानायक' पुस्तिका का विमोचन और प्रथम ई-बुक का भी लोकार्पण किया। यह कार्यक्रम पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित किया गया।




### भली लगे या बुरी ...

## बांग्लादेश में खौफनाक दौर-2

बांग्लादेश में हालात बिगड़ते जा रहे हैं। कटटरपंथियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे किसी कानून को मानने के लिये तैयार नहीं हैं। मानवता भी उनके लिये कोई मायने नहीं रखती। जिस भारत देश की बदौलत बांग्लादेश वजूद में आया था, आज वहां भारत विरोधी माहौल है। कटटरपंथियों और पाकिस्तान में बैठे उनके आका तथा वहां की खुफिया एजेंसी आईएसआई तो इसके लिये जिम्मेदार है ही, बांग्लादेश की अंतरिम यूनुस सरकार भी दोषी नहीं है। यूनुस सरकार ने अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने के प्रयास किए हैं तथा इस पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेताओं को जेल में बंद कर दिया गया है या उन पर हमले हो रहे हैं। दूसरी ओर खालिदा जिया का स्वास्थ्य बहुत खराब होने के कारण सत्ता की प्रबल दावेदार बीएनपी के कार्यकर्ताओं पर भी दमन का शिकंजा कसा जा रहा है। इन परिस्थितियों में आशंका है कि उस्मान हादी की हत्या के पीछे उसके ही साथियों का हाथ हो सकता है जबकि इसका ठीकरा भारत और बांग्लादेशी हिंदुओं पर फोड़ा जा रहा है। अवामी लीग नेताओं का कहना है कि यूनुस लंबे समय तक सत्ता अपने हाथ में रखना चाहते हैं और वर्तमान बवाल को उन्होंने जानबूझ कर हवा दी है ताकि फरवरी चुनाव टाले जा सकें। बांग्लादेश में बवाल के साथ ही पाकिस्तान में व्याप्त अस्थिरता भी भारत के लिए चिन्ता का विषय है, जहां पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बेगम को 17-17 साल की सजा के बाद उनके समर्थक विरोध प्रदर्शनों में बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरे हैं। पाकिस्तान और बांग्लादेश का अतीत सैनिक तख्तापलट तथा सिविलियन नेताओं की हत्या से भरा है। जहां पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो को फांसी दी गई तथा बेगम बेनजीर की हत्या हुई, वहीं बांग्लादेश के राष्ट्रपिता शेख मुजीबुर रहमान की पूरे परिवार समेत नृशंस हत्या की गई थी तथा शेख हसीना व उनकी बहन विदेश में होने के कारण ही जीवित बची थीं। बांग्लादेश में सैनिक शासक तथा इस्लामवादियों से मिलीभगत वाली बीएनपी के खिलाफ लंबे संघर्ष के बाद ही शेख हसीना को सत्ता मिली थी। हसीना ने अपने कार्यकाल में बांग्लादेश को न केवल सबसे तेजी से आर्थिक प्रगति करने वाला विकासशील देश बनाया था, बल्कि पूरी दुनिया में कट्टरपंथी इस्लामवाद का मुकाबला करते हुए अवामी लीग की सेक्युलर विरासत तथा मुक्ति संग्राम की भावना को मजबूती दी थी। आज यह सब खतरे में है और इसके साथ ही भारत-बांग्लादेश संबंधों पर काली छाया मंडरा रही है।

# अटल जी.. जिन पर पद का मद कभी सवार नहीं हुआ

101 वीं जयंती पर विशेष



▶▶ सुरेश पचौरी

25 दिसम्बर को वंदनीय अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन है। उनका नाम ज़ेहन में आते ही उनके प्रति लोगों का मन श्रद्धा से भर जाता है। अटल जी राजनैतिक क्षेत्र में नैतिकता, शुचिता, गरिमा और मर्यादा के पक्षधर थे। जनसंघ से चुनकर संसद पहुंचने वाले वे सबसे कम उम्र के युवा सांसद थे। अपनी प्रतिभा, शालीनता तथा अद्वितीय भाषण शैली से उन्होंने संसद में अमिट छाप छोड़ी। अटल जी के जीवन की शुरुआत एक पत्रकार के रूप में हुई और कालांतर में लेखक, कवि एवं साहित्यकार के रूप में वे ख्याति अर्जित करते गये। जनसंघ के संस्थापक सदस्य, कई बार सांसद, विदेश मंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा संसदीय दल के नेता, लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता, तत्पश्चात् तीन बार देश के प्रधानमंत्री रहे। अटल बिहारी वाजपेयी सच्चे अर्थों में साधुमना जननेता थे। इतने बड़े-बड़े पदों को सुशोभित करने के बावजूद उन्होंने अहंकार को अपने पास भटकने नहीं दिया। पद का मद कभी उनके सिर पर सवार नहीं हो पाया। राजनीति की काजल-कोठरी में अटल जी पर एक भी दाग उनके सम्पूर्ण जीवन में नहीं लगा।

### भारतीय राजनीति के अजातशत्रु

वाजपेयी जी का संपूर्ण जीवन शांति, सह-अस्तित्व, समता, समानता, न्याय और बंधुत्व के आदर्शों का परिपालन करते हुए बीता। वे एक सच्चे राष्ट्रवादी थे और राष्ट्रीय हित के लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर अपने विचार रखते थे। उनका टकराव पर नहीं, सहयोग पर विश्वास था। चाहे वे सत्ता में रहे हों, या फिर विपक्ष में, राष्ट्रहित से संबंधित मुद्दों पर सबकी राय लेते थे, सबको साथ लेकर चलते थे। अटल जी का नाम वैश्विक स्तर के नेताओं में शुमार था। उन्होंने राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय जगत में मानवता, संवाद और मेल-मिलाप पर आधारित राजनैतिक आचार-विचार व नवाचार की शुरुआत की, जो एक मिसाल बन गई। मानवीय संवेदना से ओतप्रोत उनका हृदय क्षण भर में लाखों लोगों को उनसे जोड़ देता था। वे पारस्परिक सौहार्द बनाने वाले तथा संबंधों को बढ़ाने वाले एक सदाशयी नेता थे। वास्तव में वे भारतीय राजनीति के अजातशत्रु थे।



### भारत के विकास के स्वर

अपने प्रधानमंत्रित्व काल में अटल जी ने पारदर्शी, जबावदेह, जनहितैषी शासन व्यवस्था की आधारशिला रखी। उन्होंने स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के माध्यम से देश के चारों कोनों को आपस में जोड़कर प्रमुख औद्योगिक, कृषि, रक्षा, पर्यटन, शिक्षा और सांस्कृतिक केन्द्रों को संसाधन उपलब्ध कराया। किसान क्रेडिट कार्ड, सार्वजनिक वितरण प्रणाली तथा सर्वशिक्षा अभियान शुरू किया। उनके नेतृत्व में देश के विकास की बड़ी लम्बी फेहरिस्त है। यह भी प्रासंगिक है कि अटल जी के आदर्शों को अपनाकर हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए सतत् कटिबद्ध हैं।

वाजपेयी जी भारत को आर्थिक एवं सैन्य दृष्टि से एक मजबूत राष्ट्र के रूप में देखना चाहते थे और इस दिशा में उनके द्वारा जो कदम उठाए गये, वे नि:संदेह स्तुत्य हैं। लोकतंत्र की रक्षा और 21वीं सदी के सशक्त व सुरक्षित भारत के लिए अटल जी ने जो किया, वह अविस्मरणीय है। उन्होंने लगभग सात दशकों तक विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए देश की सेवा की। साथ ही पोखरण में परमाणु परीक्षण कर भारत को परमाणु शक्ति सम्पन्न बनाया। हिन्दी भाषा को उन्होंने संयुक्त राष्ट्र अधिवेशन में जो गौरव दिलाया था, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। बतौर भारत के विदेश मंत्री उन्होंने दुनिया भर के शीर्ष राजनयिकों के समक्ष हिन्दी में भाषण देकर इसे अपने जीवन का सबसे सुखद क्षण कहा था।

### अभिभावक स्वरूप अटल जी

अटल जी से मेरे पारिवारिक आत्मीय रिश्ते रहे हैं। उनके दोनों भतीजे इंजीनियर श्याम बिहारी वाजपेयी तथा डॉ. रसिक बिहारी वाजपेयी मेरे अभिन्न मित्र हैं। जब मैं राजनीति में नहीं आया था, तब अटल जी से उनके भतीजों के साथ भोपाल में अक्सर मिला करता था। सन् 1984 में जब मैं राज्यसभा में पहुंचा, तो मुझे अटल जी का आत्मीय स्नेह और मार्गदर्शन मिला। जब वे प्रधानमंत्री थे, तब मैं राज्यसभा में विपक्ष में डिप्टी चीफ व्हिप था। विपक्ष में रहते हुए मैं तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी पर व उनकी सरकार पर यदा-कदा कटाक्ष व प्रहार करता था, उन्होंने इस पर कभी बुरा नहीं माना, बल्कि सहज भाव से उन्होंने मुझे सीख दी कि मुखरता के साथ और बोला करो, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हम भी इंदिरा जी के खिलाफ मुखरता से बोला करते थे।

मैं अपने आपको बहुत सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे संसद में स्वनाम धन्य अटल बिहारी वाजपेयी के साथ काम करने का मौका मिला। मैंने उन्हें नेता प्रतिपक्ष के रूप में भी देखा-सुना और प्रधानमंत्री के रूप में भी। इन पंक्तियों को लिखते समय मुझे आज भी ऐसी अनुभूति हो रही है कि मानों अटल जी संसद में लोकहित से जुड़े किसी मुद्दे पर बोल रहे हैं और समूचा सदन उन्हें तल्लीनता से सुन रहा है। सत्ता में रहते हुए अटल जी ने हमेशा विशाल हृदय का परिचय दिया। उन्होंने कभी प्रतिशोध की भावना से निर्णय नहीं लिया।

### राष्ट्र सर्वोपरि था

अटल जी के लिए राष्ट्र ही सर्वोपरि था। भारत प्रथम यह मंत्र वाक्य उनके जीवन का ध्येय था, उनका जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित था। सच्चे अर्थों में वे उदार चरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम् के प्रतिपालक थे। देश की अस्मिता व गरिमा का भाव उनके रग-रग में समाहित था। हर परिस्थिति में, चाहे वह विपरीत भी क्यों न हो, ओजस्विता और तेजस्विता उनके मुख मंडल पर झलकती थी। पोखरण देश के लिए जरूरी था, तो उन्होंने प्रतिबंधों और आलोचनाओं की कोई चिन्ता नहीं की। देश में जब सुपर कंप्यूटर नहीं मिले, क्रायोजेनिक इंजन नहीं मिले तो उन्होंने इसकी भी परवाह नहीं की। बल्कि उन्होंने तय किया कि हम इसे खुद भारत में बनाएंगे। वैज्ञानिक कुशलता के बल पर असंभव दिखने वाले कार्य उनके कुशल नेतृत्व में संभव हो सके।

" वाजपेयी जी भारत को आर्थिक एवं सैन्य दृष्टि से एक मजबूत राष्ट्र के रूप में देखना चाहते थे और इस दिशा में उनके द्वारा जो कदम उठाए गये, वे नि:संदेह स्तुत्य हैं। लोकतंत्र की रक्षा और 21वीं सदी के सशक्त व सुरक्षित भारत के लिए अटल जी ने जो किया, वह अविस्मरणीय है। उन्होंने लगभग सात दशकों तक विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए देश की सेवा की।

# टीका-टिप्पणी करने पर शमीमा को मार डाला

## हत्यारोपी पुत्रवधू व दामाद गिरफ्तार

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** विधवा शमीमा के हत्यारोपी पुत्रवधू व दामाद को रेहड़ पुलिस ने गिरफ्तार कर बड़ी हवेली रवाना कर दिया है। थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम हसनपुर निवासी शमीमा पत्नी स्व. जाबिर (55 वर्ष) की 18/19 दिसंबर की रात्रि संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मृतका के भाई ग्राम मानियावाला निवासी निसार अहमद ने 22 दिसंबर को थाना रेहड़ में उसकी पुत्रवधू जैनब के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। थानाध्यक्ष रेहड़ विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि नामजद अभियुक्त मृतका की पुत्रवधू जैनब पत्नी शाहनवाज एवं जांच के दौरान इस मामले में प्रकाश में आए जैनब के नंदोई अर्थात मृतका के दामाद मेहर अली पुत्र शामीन निवासी ग्राम हसनपुर को बुधवार को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार कर सुसंगत धाराओं में कार्यवाही करते हुए उनका चालान कर दिया गया है। पुलिस के मुताबिक हत्यारोपी जैनब ने बताया कि पति की गैर मौजूदगी में पड़ोस में ही रहने वाला उसका नन्दोई मेहर अली उसकी देखभाल व मदद करता है, जिसे लेकर उसकी सास शमीमा उन पर शक और बात-बात पर टीका-टिप्पणी करती थी। इसी बात को लेकर दोनों ने उसे नाक व मुंह दबाकर मार डाला।


शमीमा का फाइल फोटो।


हत्यारोपियों को कोर्ट ले जाती पुलिस।

# बीएलओ के सहयोग की अपील की

**बिजनौर (चिंगारी)।** उपजिलाधिकारी रीतू रानी की अध्यक्षता में राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारी के साथ मीटिंग की गई। मीटिंग में एएसडी सहित लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि विधानसभा 22 बिजनौर में लगभग 95000 लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी हैं, जिनमें पिता व दादा के नाम मिस्मैच की डिस्क्रिपेंसी सर्वाधिक है, जिनमें संबंधित का डॉक्यूमेंट अपलोड होना आवश्यक है। सभी से बीएलओ के सहयोग हेतु अपील की गई। साथ ही पंचायत निर्वाचन संबंधी सूची के प्रकाशन और दावे आपत्ति के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।



SJ Siddharth Jewellers
गवर्नमेंट अप्रूव्ड
नगर में पहली बार शुद्धता का युग परिवर्तन लेकर आये
सिद्धार्थ ज्वैलर्स
गोल्ड टेस्टिंग मशीन
अपना पुराना सोने का आभूषण लायें, 100% शुद्धता की जांच कराएं
अन्य सेवाएं-
➤100 %गोल्ड ज्वैलरी एक्सचेंज सुविधा।
➤डायमण्ड ज्वैलरी पर 40 % तक की विशेष छूट (डायमण्ड वैल्यू पर)
➤22 KT एक्सक्लूसिव HUID हॉलमार्क ज्वैलरी
सदर बाजार, बिजनौर, मो. 7310695957

माँ कामाख्या मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
निकट भारत पेट्रोल पम्प मौ. बुखारा, नूरपुर रोड, बिजनौर
7983187749
8755001105
आपके शहर बिजनौर में पहली बार
एडवांस नेत्र एवं मोतियाबिन्द सर्जरी सेन्टर
(जापानी दूरबीन और स्वीटजरलैण्ड की फेको मशीन द्वारा ऑपरेशन)
डॉ. पल्लवी एम. जैन
M.B.B.S., M.S. (KGMC Lucknow)
Fellowship in Cornea & Refractive Surgery
Aravind Eye Hospital, Kolkata
नेत्र रोग विशेषज्ञ
24/7 SERVICE
परामर्श समय
प्रातः 10:30 से सायं 7:30 बजे तक
आयुष्मान कार्ड द्वारा आँखों का निःशुल्क ऑपरेशन
उपलब्ध सुविधाएँ
• अत्याधुनिक जापानी दूरबीन (Takagi) एवं Switzerland की Oertli Catarhex III, Phaco मशीन द्वारा आँख में कृत्रिम लेंस (IOL) लगाना।
• बिना टाँके, बिना दर्द (फेको विधि) द्वारा मोतियाबिंद के ऑपरेशन।
• आँख के परदे (Retina) की अत्याधुनिक उपकरणों द्वारा जाँच।
• नाखूना, परवाल एवं नासूर के उपचार व ऑपरेशन।
• काला पानी (काला मोतिया) का उपचार एवं ऑपरेशन।
• पुतली के रोगों का इलाज एवं पुतली में इंजेक्शन लगाने की विशेष सुविधा।
• कम्प्यूटर द्वारा चश्मे का नम्बर की जाँच।

Hero VIDA
VIDA EVOOTER | VX2
PROUD WINNER OF
ELECTRIC 2-WHEELER OF THE YEAR ★ 2025
10,000 रुपये तक का फायदा
आवश्यकता है दो कुशल फील्ड एग्जीक्यूटिव की
आकर्षक उपहार
कविता मोटर्स
किरतपुर रोड, बिजनौर मोबाइल 9289922765, 8048243335
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता

# प्रियंका मॉडर्न स्कूल में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस-डे


क्रिसमस डे के कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी।

**धामपुर ( चिंगारी )।** प्रियंका मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में क्रिसमस डे धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गीत व नृत्य के मनमोहन कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने गीतों के माध्यम से यीशु मसीह के प्रेम व करुणा के संदेश को मार्मिकता से व्यक्त किया। स्कूल के चार हाउस क्रमशः अशोका, शिवाजी, महाराणा प्रताप व विक्रमादित्य के मध्य वर्ष भर की विभिन्न प्रतियोगिताओं खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, अकादमी कार्यक्रम आदि का परिणाम भी घोषित किया गया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शिवाजी हाउस को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इन हाउस का मार्गदर्शन शिक्षक संजय चौहान, परमिंदर चौहान, विनीत शर्मा, अंजू लता, दीपाली सिंह, रचना जैन, मरियम, दीपा राणा, पूर्णिमा, अनुराधा आदि ने किया था। कार्यक्रम का संचालन रीता राणा ने किया। प्रधानाचार्य डीएस नेगी ने कहा कि त्योहार हमारी संस्कृति की धरोहर हैं इससे समाज में शांति व सौहार्द की भावना फैलती है। कार्यक्रम में बीपाल, मयंक कौशिक, राजीव चौहान, एस के देवरा, तबरेज खान, बेन बैली, शुभम अग्रवाल का विशेष योगदान रहा।

# शूरसेन जयंती पर निभाई जिम्मेदारी सम्मानित किये ऐसे पदाधिकारी


संस्था के पदाधिकारियों को सम्मानित करते हुए।

**धामपुर ( चिंगारी )।** बुधवार की देर शाम राष्ट्रीय सूर्यवंशी सैनी संगठन(पंजी.) धामपुर के तत्वावधान में महाराजा शूरसेन जी की जयंती पर विचार संगोष्ठी व कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम सफल होने के उपलक्ष्य में सैनी समाज के लोगों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री श्याम नवयुवक सैनी संगठन (रजि.) धामपुर के कार्यालय पहुंचे सेवादारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय सूर्यवंशी सैनी संगठन (पंजी.) धामपुर के संस्थापक शिवम सैनी ने सैनी समाज को एकत्रित करने पर जोर दिया। राष्ट्रीय सूर्यवंशी सैनी संगठन(पंजी.) धामपुर के प्रशांत सैनी, सचिन सैनी, मुकेश सैनी श्री श्याम नवयुवक सैनी संगठन (रजि.) धामपुर के सुशील कुमार, विपिन कुमार, राजेंद्र सैनी, ललित सैनी एलआईसी वाले, टिंकू सैनी, नोबहार सिंह, ललित सैनी, दीपक, संजू सैनी उपस्थित रहे।

# रोडवेज बस स्टैण्ड पर लगा स्वास्थ्य जांच शिविर


चालकों का चेकअप करते हुए चिकित्सक।

## 125 चालकों, परिचालकों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

**धामपुर ( चिंगारी )।** रोडवेज बस स्टैंड पर चालक एवं परिचालकों की सुविधा के लिए एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजित किया गया। शिविर में धामपुर डिपो व चांदपुर डिपो के समस्त स्टाफ ने अपनी जांच कराई। इस दौरान 125 चालक एवं परिचालकों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। शिविर में पीएससी धामपुर से प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल देव, डॉ विकास डाबर सीनियर ट्यूबर क्लासिस लैबोरेट्री सुपरवाइजर, कंचन सैनी एएनएम धामपुर, निधि कुमारी स्टाफ नर्स, बृजेश कुमार लैब तकनीशियन,अशोक शर्मा ऑप्टोमेटिस, विनीत कुमार ऑप्टोमेटिस, मोहम्मद शाहनवाज एल टी, प्रियंका देवी परामर्शदाता, श्वेता कुमारी परामर्शदाता, अनुदीप चौहान सीनियर लब टैक्नीशियन द्वारा जांच शिविर आयोजित किया गया। जांच कराने वालों में धामपुर डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक पी एल पथरिया, वरिष्ठ केंद्र प्रभारी पदम सिंह, सीनियर लिपिक तपराज सिंह, प्रवेंद्र सिंह, कैशियर सुनील वालिया, पवन कुमार टांक, धीरज, विशेष, नीतीश, सचिन, बबलू आदि शामिल रहे।

# कोहरे व शीत लहर पर आस्था व भक्ति पड़ी भारी

## प्रभात फेरी निकाल कर गुरु वाणी का गायन किया

**धामपुर ( चिंगारी )।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से आज गुरुवार को दशमेश गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व के संबंध में निकाली गई प्रभात फेरी में शामिल गुरमुख परिवारों तथा गुरु घर के सेवकों और सेविकाओं ने गुरबाणी कीर्तन से निर्धारित मार्गो को गुरुवाणी मय बना दिया। प्रभात फेरी का गुरुद्वारा परिसर तथा इंदिरा नगर कॉलोनी स्थित सरदार समरजीत सिंह खालसा के परिवार की ओर से मिष्ठान प्रसाद आदि से स्वागत किया गया। दोनों स्थानों के आयोजक परिवारों को गुरुद्वारा की प्रबंध समिति की ओर से समिति के संरक्षक सरदार हरपाल सिंह चावला, अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट, सचिव सरदार गुरु चरण सिंह चावला, उपाध्यक्ष सरदार त्रिलोचन सिंह चावला आदि ने सरोपा भेंट करके सम्मानित किया। आज प्रातः घने कोहरे और शीतलहर के बीच निकाली प्रभात फेरी फल चौक, भगत सिंह चौक सहित निर्धारित मार्गो से गुजरी। गुरुद्वारा के दीवान हाल में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष अरदास करके गुरु महाराज के वजीर ज्ञानी रघुवीर सिंह के संरक्षण में निकाली गई इस प्रभात फेरी में गुरबाणी शब्दों का उच्चारण करने वाले गुरु घर के सेवकों में जिला गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं जिला पंजाबी समाज के जिला अध्यक्ष सरदार सतवंत सिंह सलूजा, डॉ. अमरजीत सिंह चावला, सरदार बलविंदर सिंह चावला, गुरमीत सिंह गांधी राजू, सरदार गुरदीप सिंह चावला रोमी आदि शामिल रहे। निर्धारित मार्गो की परिक्रमा के बाद प्रभात फेरी गुरुद्वारा में पहुंचकर संपन्न हुई।

# एजुकोल गर्ल्स स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिताओं का समापन


एजुकोल द गर्ल्स स्कूल में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद स्पर्धा का समापन ।

**धामपुर ( चिंगारी )।** एजुकोल द गर्ल्स स्कूल में कक्षा तीन से बारहवीं तक की छात्राओं के बीच आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद स्पर्धा का समापन, पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ।

प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कक्षा छह से आठ तक की छात्राओं में अवनी बनवारिया ने, कक्षा नवीं से कक्षा बारहवीं की छात्राओं में युगांशी सिसौदिया ने ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक डॉ. लोकेंद्र सिंह ने छात्राओं के खेल कौशल, अनुशासन एवं विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। स्पोर्ट्स शिक्षिका साक्षी चौहान के निर्देशन में 100 व 200 मीटर रेस, लॉग जंप, शॉट पुट, थ्री-लेग रेस, रिले रेस, खो-खो, बैडमिंटन, कबड्डी, जैवलिन, टग ऑफ वॉर जैसी प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। पदक तालिका में ओलिविया हाउस 326 अंकों से प्रथम, क्लोपेटरा हाउस 255 अंकों से द्वितीय, पोर्सिया हाउस 251 अंकों से तृतीय, कॉर्डेल्या हाउस 227 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहा।

## अवनी व युगांशी ने पाया ओवरआल चैम्पियन का खिताब

सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या प्रीति अग्रवाल ने कहा कि खेल में भाग लेना न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है, बल्कि मानसिक विकास को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि खेलों से सहयोग, अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास होता है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका पारुल चौहान के निर्देशन में अदीबा सलीम, ख्याति चौहान, भूमि सैनी ने किया। प्रतियोगी छात्राओं में युगांशी, आशी, श्रेयांशी, अवनी, इशिका, भूमि, वर्णिका, रुही, परिधि, अंशिका, जीविका, सिद्धि, वंशिका, चेष्टा, जिज्ञासा, फातमा, राजलक्ष्मी, आयुषी, कंचन, लिबा, डिम्पल, आराध्या आदि रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में साक्षी दुआ, उषा रानी, जागृति ठाकुर, पारुल गोयल, आंचल चौहान, तनु गुप्ता, रश्मि चोपड़ा, आराधना कौशिक, रश्मि सिसौदिया, रूपाली शर्मा, मुस्कान, अरुण शर्मा, मनोज कुमार, लोहित कुमार का योगदान सराहनीय रहा।

# जसवंत सिंह के नेत्रों से दो लोग देखेंगे दुनिया



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** स्व. जसवंत सिंह छाबरा (84 वर्ष) आनंद विहार, निवासी के निधन पर उनकी बेटी गुरदीप कौर ने अपने पिता की आंखें दान करने की इच्छा जाहिर की। समाजसेवी स. गुरबिंदर सिंह मुरदाबाबाद वाले ने ऋषिकेश निर्मल आश्रम नेत्र सस्थान को सूचित किया। संस्थान के डॉ. अंशु एवं मकरेंदु ने दिवंगत के निवास पर जाकर कॉर्निया प्राप्त किया। इससे पहले भी इस परिवार में नेत्रदान हुआ है। इस नेत्रदान के जरिये दो लोग इस संसार को देख पाएंगे। निर्मल आश्रम आई इंस्टिट्यूट प्रशासन ने परिवार की नेत्रदान सेवा भावना की प्रशंसा की। नेत्रदान के लिए आवश्यक बातें- मृत्यु के 6 घंटे के अंदर आंखें दान कर देनी चाहिएं, मृतक की आंखें बंद करके उसके ऊपर गीली रुई रख देनी चाहिए, पंखा बंद कर दें, एसी हो तो चलने दें, सिर के नीचे तकिया रख दें। नेत्रदान करना करने को महादान माना गया है।

# तालाब में पलटी कार, मामूली घायल हुए सवार





**नांगल सोती ( चिंगारी )।** बिजनौर जा रही कार सामने जा रहे वाहन को ओवरटेक करने के प्रयास में ग्राम महमसापुर के तालाब में गिरकर पलट गई। हालांकि किसी को गंभीर चोट नहीं आई। सभी व्यक्ति दूसरी कार से बिजनौर चले गये।

भागूवाला से सटे ग्राम श्यामीवाला का निवासी अनीस अहमद अपने परिवार के साथ अपनी एक्सयूवी 300 कार संख्या यूके 08 बीसी-7888 से बिजनौर जा रहे थे। कार वह स्वयं ड्राइव कर रहे थे तथा उनके अलावा तीन औरतें, एक पुरुष तथा 2 बच्चे कार में बैठे हुए थे। अपराहन लगभग ढाई बजे ग्राम महमसापुर के सामने पहुंचने पर सामने जा रहे वाहन से ओवरटेक करने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित तालाब में पलट गई। आसपास मौजूद ग्रामीण दौड़कर वहां पहुंचे और कार सवार व्यक्तियों, बच्चों को कार से बाहर निकाला। ग्रामीणों ने सामूहिक प्रयास कर कार को सीधा किया। यात्रियों का सौभाग्य रहा कि न तालाब में ज्यादा पानी था और न ही किसी को गंभीर चोट आई। दो-तीन को मामूली चोट आई। सभी ने अल्लाह का बार-बार शुक्रिया अदा किया।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर निबंध व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया

## सत्यम ने भाषण, अनादि शर्मा ने निबंध में पाया प्रथम स्थान



**बिजनौर ( चिंगारी )।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस पर निबंध प्रतियोगिता व स्नातक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन नोडल अधिकारी राकेश कुमार शर्मा व सहनोडल अधिकारी कैप्टन बिशनलाल की देखरेख में आयोजित हुआ। भाषण प्रतियोगिता में कृष्णा कॉलेज से सत्यम चौधरी प्रथम, साहू जैन कॉलेज नजीबाबाद से इंशिका कौशिक द्वितीय, गुलाब सिंह पीजी कॉलेज चांदपुर से अर्शी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में श्री विदुर गुरु गृह इंटर कॉलेज से अनादि शर्मा प्रथम, फैमिली कवि नजीबाबाद से महिंद्रा द्वितीय एवं जीजीआईसी बिजनौर से भारती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में निर्णायक विशाल दुबे प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय शेरकोट, डॉ. अंजु बंसल प्रोफेसर वर्धमान कॉलेज, डॉ. अजय कुमार प्रोफेसर वर्धमान कॉलेज व निबंध प्रतियोगिता में शशि चौधरी एवं पूनम चौहान प्रवक्ता राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बिजनौर रहे। भाषण प्रतियोगिता का संचालन चंद्रहास सिंह ने तथा निबंध प्रतियोगिता का संचालन बृजेश कुमार राजपूत ने किया। प्रतियोगिता में उपप्रधानाचार्य गयूर आसिफ, जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स, बालेश कुमार, नरेंद्र सिंह, सुधीर कुमार राजपूत आदि का विशेष सहयोग रहा।

# 'नो हेलमेट नो फ्यूल', 17 जनवरी तक फिर चलेगा ये रूल




**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र के क्रम में जानकारी देते हुए बताया कि नो हेलमेट नो फ्यूल विषयक प्रदेशव्यापी विशेष अभियान पूर्व में एक सितम्बर से 30 सितम्बर तक सफलतापूर्वक संचालित किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप हेलमेट उपयोग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। वर्तमान में सड़क सुरक्षा को और सुदृढ़ करने के लिए उक्त अभियान पुनः 17 जनवरी 2026 तक संचालित किया जाना है। इसका उद्देश्य दो पहिया चालकों/पिलियन द्वारा हेलमेट के अनिवार्य प्रयोग को सुनिश्चित करना है। यह पहल मोटर वाहन अधिनियम-1988 की धारा 129 (हेलमेट अनिवार्यता) एवं धारा 194-डी (उल्लंघन पर दण्ड) के अनुरूप है। उन्होंने जनपद बिजनौर के सभी फ्यूल पम्प संचालकों एवं स्वामियों को निर्देशित किया है कि वह किसी भी ऐसे दो पहिया वाहन चालकों को पैट्रोल का विक्रय नहीं करेंगे, जिसके चालक एवं पिलियन ने हेलमेट नहीं पहना है। सभी फ्यूल पम्प संचालक एवं स्वामी यह भी सुनिश्चित करेंगे कि उनके प्रतिष्ठान में सी.सी.टी.वी. कैमरा सदैव सक्रिय रहें, ताकि किसी भी विवाद की स्थिति में सी.सी.टी.वी. फुटेज का अवलोकन कर आवश्यक निर्णय लिया जा सके।

# सेना में लेफ्टिनेंट बनने पर स्कूल के पूर्व छात्र सक्षम को सम्मानित किया

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** बुधवार को स्प्रिंग फील्ड सीनियर सैकेंड्री एकेडमी नयागांव (मंडावली) में एकेडमी के पूर्व छात्र सक्षम कुमार को आर्मी में लेफ्टिनेंट बनने पर सम्मानित किया गया। एकेडमी के प्रबंधक कुलदीप सिंह तथा प्रधानाचार्या डा. करुणा शर्मा ने बताया कि वर्ष 2013 के पास आउट सक्षम कुमार सुपुत्र ओमेन्द्र सिंह निवासी जालपुर के भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनने से विद्यालय परिवार का भी गौरव बढ़ा है। बुधवार को लेफ्टिनेंट सक्षम कुमार को एकेडमी में आमंत्रित किया गया। सक्षम ने अपने संघर्षों और अनुभवों के बारे में बताते हुए बच्चों को अनुशासन, कठोर परिश्रम और एक लक्ष्य के साथ एकाग्रचित होकर तैयारी करने के लिये प्रेरित किया।



लेफ्टिनेंट सक्षम को सम्मानित करते प्रबंधक कुलदीप सिंह और प्रधानाचार्या डा. करुणा शर्मा

# सत्यवीरा कॉलेज बना सबसे बड़ा परीक्षा केन्द्र



**बिजनौर ( चिंगारी )।** कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट में अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं शांतिपूर्वक प्रारम्भ हुईं। कॉलेज के परीक्षा नियंत्रक मनोज कुशवाहा ने बताया कि कुंवर सत्यवीरा कॉलेज जिले का सबसे बड़ा परीक्षा केंद्र बनाया गया है, जिसमें बीआईटी मुजफ्फरनगर, आरवीआईटी बिजनौर, एनआईआईटी नजीबाबाद, विवेक कॉलेज बिजनौर, दिशा इंस्टीट्यूट धामपुर, वीकेआईटी बिजनौर, कृष्णा इंस्टीट्यूट बिजनौर, कृष्णा कॉलेज ऑफ फार्मेसी बिजनौर सहित लगभग 12 कॉलेज के लगभग 2500 छात्र-छात्राएं परीक्षा दे रहे हैं। परीक्षा दो पालियों में सम्पन्न कराई जा रही है। ये परीक्षाएं 31 जनवरी तक चलेंगी। विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा को सुचारू रूप से संचालित कराने के लिए श्री घनश्याम सिंह (फिरोज़ गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज रायबरेली) को ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर संस्था निदेशक प्रो. (डा.) अमित कुमार बंसल ने परीक्षा में शामिल हुए सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और बताया कि विश्वविद्यालय एवं कॉलेज की ओर से परीक्षा को सुचारु रूप से संचालित कराने के लिए सारी व्यवस्थाएं की गई हैं।

# स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**नगीना( चिंगारी )। एसएसके इंटरनेशनल एकेडमी में आयोजित वार्षिक खेल प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया।**

बढ़ापुर मार्ग स्थित एसएसके इंटरनेशनल एकेडमी में आयोजित खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ संस्थान के अध्यक्ष साहू संतोष कुमार अग्रवाल, प्रबंध निदेशक साहू अनुभव अग्रवाल, ज्वैलरी पैलेस शोरूम के स्वामी व युवा समाजसेवी साहू सुयश अग्रवाल, सुष्मिता अग्रवाल, सर्वेश अग्रवाल, युवा व्यापारी नेता गौरव गोयल, युवा सराफ अविरल अग्रवाल ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद समाजसेवी साहू संतोष कुमार अग्रवाल ने परेड की सलामी ली तथा मशाल जलाकर खेल प्रतियोगिता का






**एसएसके इंटरनेशनल एकेडमी में आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि। बच्चों को पुरस्कृत करते स्कूल चेयरमैन साहू संतोष कुमार अग्रवाल।**

शुभारंभ किया। खेल प्रतियोगिता से पूर्व विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। आदर्श, मोहम्मद सैफ, आयुष, देव कुमार, जसवीर, चरणजीत, परमजीत, गोविंदा, हितेश आदि ने पिरामिड बनाकर सबका मन मोह लिया। विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति पर आधारित कार्यक्रम को सभी ने सराहा। खेलों में 400 मीटर दौड़ में जसवीर ने प्रथम, यश ने द्वितीय व अक्षांश ने तृतीय स्थान पाया। 100 मीटर दौड़ में गुरप्रीत, कृष, ऋषभ, रिले दौड़ में कृष, अभिनव, निखिल, सब जूनियर बालिका वर्ग में प्रीत, अदिति, भूमिका ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाया। संस्थान के अध्यक्ष साहू संतोष कुमार अग्रवाल, साहू अनुभव अग्रवाल, प्रधानाचार्य अंशु बिश्नोई ने विजेता प्रतिभागियों को मेडल व प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया।

## माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट का राज्य सम्मेलन 8 से 10 जनवरी तक मथुरा में




### शिक्षकों की अस्मिता एवं अस्तित्व के लिए संजीवनी है राज्य सम्मेलन- गय्यूर आसिफ

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) का 58वां राज्य सम्मेलन (शीतकालीन अधिवेशन) आगामी 8, 9 तथा 10 जनवरी 2026, को किशोरी रमन इंटर कॉलेज भरतपुर गेट मथुरा में आयोजित होगा। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बिजनौर जिला अध्यक्ष तथा संगठन की आईटी सैल के सदस्य गय्यूर आसिफ़ ने बताया कि उक्त सम्मेलन में प्रतिभाग करने वाले सभी शिक्षकों को 8, 9 तथा 10 जनवरी का विशेष अवकाश स्वीकृत करने के लिए माध्यमिक शिक्षा निदेशक की ओर से सभी ज़िला विद्यालय निरीक्षकों को पत्र जारी कर दिया गया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की सेवा सुरक्षा से संबंधित, पूर्व में प्रचलित चयन आयोग की धारा 12, धारा 18 तथा धारा 21 को पुनर्स्थापित करने, पुरानी पेंशन योजना बहाल करने, तदर्थ शिक्षकों को पुरानी पेंशन, निःशुल्क चिकित्सा सुविधा का शासनादेश, स्थानांतरण प्रक्रिया का सरलीकरण, शिक्षा कार्यालयों में सिटीजन चार्टर लागू करना, ग्रेच्युटी राशि को बढ़ाकर 25 लाख करना, 62 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्ति पर ग्रेच्युटी देना आदि मांगों को सम्मेलन में प्रमुखता से उठाया जायेगा। जिलाध्यक्ष गय्यूर आसिफ़ ने जनपद के माध्यमिक शिक्षकों से विशेष रूप से युवा वर्ग से अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में प्रतिभाग करने की अपील की। बताया कि शीघ्र ही जिला कार्यकारिणी की बैठक कर सम्मेलन में प्रतिभाग करने वाले शिक्षकों की सूची बनाई जायेगी ताकि मथुरा के पदाधिकारियों को वह सूची उपलब्ध कराकर व्यवस्था बनाने हेतु पूर्व में सूचित किया जा सके।

## लखनऊ में हुये अधिवेशन में स्वर्णकार कला बोर्ड गठन व पुलिस उत्पीड़न रोकने की मांग उठी

**स्योहारा ( चिंगारी )।** ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज एवं ज्वैलर्स एसोसिएशन का राष्ट्रीय महाअधिवेशन आनंदी वाटर पार्क एवं रिजॉर्ट लखनऊ में भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में देशभर के साथ-साथ नेपाल, भूटान और कनाडा से आए स्वर्णकार समाज संगठनों व ज्वैलर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर इसे ऐतिहासिक बना दिया।

राष्ट्रीय महाअधिवेशन में पूरे भारत से 250 से अधिक जिला अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी एवं प्रदेश अध्यक्षों सहित लगभग 6000 से ज्यादा लोग शामिल हुए। सम्मेलन में विशेष रूप से लगभग 500 महिला पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी भी देखने को मिली। अधिवेशन के दौरान स्वर्णकार समाज से जुड़े व्यापारिक हितों और समस्याओं पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। जिला अध्यक्ष अमित कुमार वर्मा ने मंच से प्रमुख मांगें रखीं। उन्होंने प्रदेश में स्वर्णकार कला बोर्ड की स्थापना की मांग भारत सरकार व राज्य सरकार से की।

वक्ताओं ने कहा कि पुलिस द्वारा निर्दोष सर्राफा व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है, जिससे व्यापारियों में आक्रोश है। उन्होंने सरकार से पुलिस को स्पष्ट एडवाइजरी जारी करने की मांग की, ताकि व्यापारी निश्चिंत होकर कारोबार कर सकें।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए अमित कुमार वर्मा ने जीएसटी विभाग द्वारा छोटी-छोटी कमियों पर व्यापारियों के उत्पीड़न का मुद्दा उठाया। अधिवेशन में बड़ी संख्या में व्यापारी, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## अर्पित ने किया क्वालीफाई, कॉलेज परिवार ने दी बधाई



**चांदपुर ( चिंगारी )।** लोकप्रिय इण्टर कॉलेज केलनपुर, बिजनौर के छात्र अर्पित कुमार ने 68वीं राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इंडियन टीम के ट्रायल के लिए क्वालीफाई कर विद्यालय व अपने परिवार को गौरवान्वित किया। अर्पित कुमार का चयन मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में होने वाले इण्डियन टीम के ट्रायल के लिए किया गया। जहां वे देश के श्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य हरवीर सिंह तोमर एवं उपप्रधानाचार्य प्रशान्त कुमार तोमर ने अर्पित कुमार को मेडल पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य हरवीर सिंह तोमर ने कहा कि अर्पित की यह सफलता विद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत है।



# मानसून काल में चारों तरफ़ रही ड्रोन की दहशत

फ्लैश बैक 2025

**बिजनौर ( चिंगारी )।** साल 2025 अलविदा होने को है। 21वीं सदी का यह 25 वां वर्ष रजत जयंती वर्ष है। यह सदी इंसानों के लिए प्रगति और चुनौतियों का मिला-जुला दौर रही है। इस अवधि में तकनीकी क्रांति और वैज्ञानिक उन्नति के साथ भारत ने मंगल मिशन अभियान में भारी प्रगति की है, मगर इसके बावजूद साल 2025 में एक छोटे से फ्लाइंग उपकरण ड्रोन ने उत्तर प्रदेश की जनता को भारी दहशत में डाल दिया था। याद कीजिए मानसून काल का वह दौर जब प्रदेश में पश्चिम से पूर्व तक हर तरफ दिन छिपते ही आकाश में ड्रोन उड़ने से लोगों की रातों की नींद हराम हो जाती थी, हर तरफ ड्रोन चोरों की अफ़वाह से भारी दहशत का माहौल बन जाता था।



तकनीकी क्रांति के इस युग में तकनीक के वजूद से उत्पन्न एक छोटे से ड्रोन से इंसान का इतना भयभीत होना आश्चर्यजनक था। बिजनौर से लेकर पूरे पश्चिमी यूपी और पूर्वांचल तक के जिलों में हर तरफ ड्रोन चोरों की ही अफ़वाह फैली हुई थी। हालात ऐसे होते जा रहे थे कि ड्रोन चोरों का शक होने पर बेकसूर लोगों पर भीड़ जानलेवा हमले करने लगी थी। दिन छिपते ही गांवों और कस्बों से डायल 112 और पुलिस स्टेशनों पर ड्रोन चोरों के आ जाने की कॉल आने लगती थी, हर रात कुछ ही घंटों में एक ही थाना क्षेत्र से इतनी अधिक फोन कॉल आ जाती थी कि ड्रोन के चलते पुलिस घनचक्कर बन जाती थी और फोन कॉल वाले सभी स्थानों पर पहुंच भी नहीं पाती थी।

पुलिस के तमाम प्रयासों के बावजूद भी रात के समय जब आकाश में ड्रोन उड़ना बंद नहीं हुए और मजा खोरी के लिए लोगों ने ड्रोन की जगह जब खिलौने भी उड़ाने शुरू कर दिए और हर तरफ ड्रोन चोरों की अफ़वाह से फैली दहशत जब चरम पर पहुंच गई और अफवाह व दहशत का सिलसिला जब यूं ही चलता रहा, तब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने, ड्रोन चोरों की अफवाह फैलाने और ड्रोन चोरों के शक में बेकसूर लोगों को पीटने वालों के विरुद्ध एनएसए के अंतर्गत कड़ी कार्यवाही किए जाने के पुलिस को आदेश दिए थे, तब कहीं जाकर ड्रोन चोरों की अफवाह पर अंकुश लगा था।



चिंगारी

आतंक का पर्याय बने ड्रोन ये अफ़वाहबाज कौन?

डरे नहीं, ड्रोन आपके घर में छिपी दौलत नहीं देख सकता

मानसूनकाल में ऐसी अफ़वाह फैलाते हैं

पुलिस प्रशासन के लिए नई चुनौती

ड्रोन की दहशत के समय चिंगारी में प्रकाशित समाचार

कुल मिलाकर 21वीं सदी के तकनीकी युग के इस रजत जयंती वर्ष में तकनीक और विज्ञान से इंसानों का जीवन आसान हुआ है। शिक्षा और कौशल में अभूतपूर्व उन्नति हुई है। कौशल और डिजिटल साक्षरता बढ़ी है, इसके बावजूद हर तरफ ड्रोन की दहशत से इतनी बड़ी आबादी का डरना हमारी मानसिक कमजोरी को दर्शाता है, जो बहुत चिंतनीय बात थी। हां ड्रोन कैमरे, जीपीएस और सेंसर जैसे उपकरणों से जरूर लैस होता है, मगर चोर इसके जरिए घरों में छिपे धन को तो नहीं खोज सकते थे। बस अफवाह फैलती गई थी और लोग डर और दहशत में जीने लगे थे।

## श्रद्धापूर्वक मनाई मालवीय जी की जयंती

**नहटौर ( चिंगारी )।** बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ। स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में टीकम सिंह ने विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित एक महान स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद् एवं समाज सुधारक थे, जिन्होंने काशी हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना कर शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का आधार बनाया। उनका मानना था कि शिक्षा व्यक्ति के सभी पक्षों शारीरिक, बौद्धिक एवं नैतिक का समग्र विकास करती है तथा सत्य, सेवा और समर्पण के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा देती है। इस अवसर पर टीकम सिंह ने मालवीय के जीवन, उनके राष्ट्रप्रेम, स्वाधीनता संग्राम में योगदान और शिक्षा के क्षेत्र में उनके अमूल्य कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि पंडित मदन मोहन मालवीय भारत के ऐसे महानायक थे, जिन्होंने शिक्षा को समाज सुधार का प्रमुख माध्यम बनाया। उन्होंने विद्यालय के सभी छात्र एवं छात्राओं से आह्वान किया कि वे उनके आदर्शों सत्य, सेवा और समर्पण को अपने जीवन में अपनाएं। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान गाया गया और सभी ने महामना के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।



## शिक्षक राकेश कुमार ने बच्चों को जैकेट बांटे



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** अफ़ज़लगढ़ ब्लॉक के संविलियन विद्यालय जय सिंह जोत के सहायक अध्यापक राकेश कुमार ने अपने साथियों राकेश गुप्ता, मनिंदर सिंह हंसपाल, अवनीश कुमार, विनोद शर्मा व आशीष कुमार गुप्ता के साथ मिलकर संविलियन विद्यालय जय सिंह जोत व प्राथमिक विद्यालय खैराबाद के सभी 85 छात्र-छात्राओं को बढ़ती सर्दी के मद्देनजर गर्म जैकेट वितरित किये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बीईओ अफजलगढ़ प्रेम सिंह राणा मौजूद रहे, जिन्होंने राकेश कुमार व उनके साथियों के इस कदम की सराहना की और कहा कि अपनी सरकारी जिम्मेदारियों के साथ-साथ मानवता के धर्म को भी निभाते रहना प्रशंसनीय है।

## मीरी-पीरी खालसा अकादमी में हुई 'गुरु सिख प्यारा' प्रतियोगिता



**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** मीरी-पीरी खालसा अकादमी, अगवानपुर ( अफजलगढ़ ) में सिखों के गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहादत के 350 वर्ष पूरे होने पर 'कौन बनेगा गुरु सिख प्यारा' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम बाबा अनूप सिंह वीर जी के मार्गदर्शन में शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर ग्रंथी सिंह, रागी जत्था, ढाड़ी, कथावाचक, कविशर और पाठी सज्जनों की विचार गोष्ठी तथा गुरमत मुकाबला हुआ। प्रतियोगिता का उद्देश्य सिख इतिहास, गुरुवाणी और गुरमत शिक्षा को नई पीढ़ी तक पहुंचाना और पाठी वीरों का सम्मान करना था। प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गई, जिसमें लिखित और मौखिक परीक्षा शामिल रही। केहरीपुर, अलीगंज, चंपतपुर, रसूलपुर, प्रेमपुरी, अफजलगढ़, बरखेड़ा, धर्मपुर, कादराबाद, मीरापुर सहित कई गांवों से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 20,000 लखविंदर सिंह को, द्वितीय 15,000 नवनीत सिंह को और तृतीय 10,000 सोनू सिंह को दिया गया। चौथे से दसवें स्थान तक के प्रतिभागियों को भी नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। सभी प्रतिभागियों को 1,000 की नकद राशि और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। बाबा अनूप सिंह वीर जी ने सभी की बातें ध्यान से सुनीं और सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में सिख इतिहास और गुरुवाणी पर आधारित पाठ्यक्रम तैयार किया जाएगा। सफल प्रतिभागियों के बच्चों को मीरी-पीरी खालसा अकादमी में निःशुल्क शिक्षा और वजीफा दिया जाएगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनप्रीत सिंह संधू ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों और युवाओं को सही दिशा देने में मदद करते हैं और उन्हें अपने इतिहास से जोड़ते हैं। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने बाबा अनूप सिंह वीर जी का आभार जताया और आगे भी ऐसे शैक्षिक व धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

# नगर पालिका व राजस्व विभाग ने चलाकर अभियान अतिक्रमण हटाया, किया कई दुकानों का चालान



**बिजनौर (चिंगारी)।** शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने और मुख्य मार्गों को जाममुक्त बनाने के लिए बुधवार को नगर पालिका परिषद और राजस्व विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान काजीपाड़ा और सिविल लाइन क्षेत्र में लगने वाले साप्ताहिक बुध बाजार में लगी अस्थायी दुकानों को हटवाया गया और नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

गौरतलब है कि बिजनौर नगर के काजीपाड़ा और सिविल लाइन क्षेत्र में प्रत्येक बुधवार को साप्ताहिक बुध बाजार लगता है। यहां सैकड़ों दुकानदार अस्थायी रूप से सड़क किनारे अपनी दुकानें लगाकर कपड़े, जूते और रोजमर्रा का सामान बेचते हैं। अत्यधिक भीड़ और सड़क तक दुकानों के फैलाव के कारण यहां अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

बुधवार को नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी विकास कुमार और नायब तहसीलदार सार्थक चावला के नेतृत्व में पालिका की टीम बाजार पहुंची। टीम ने सड़क पर अवैध रूप से लगाए गए अस्थायी अतिक्रमण को हटवाया और दुकानदारों को चेतावनी दी कि वे निर्धारित सीमा के भीतर ही अपनी दुकान लगाएं। अभियान के दौरान पालिका टीम ने कई दुकानदारों के चालान भी काटे, जिससे बाजार में हड़कंप मच गया।

### अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जायेगा-ईओ

अधिशासी अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि शहर की सड़कों पर बढ़ते अतिक्रमण को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा, ताकि आम जनता को आवागमन में कोई असुविधा न हो। इस अभियान के दौरान मुख्य रूप से कर निरीक्षक सुंदरलाल, ऋषिपाल और भारी पुलिस बल व सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

# हेजलमून स्कूल में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस डे



**चांदपुर (चिंगारी)।** द हेज़लमून स्कूल में क्रिसमस धूमधाम एवं हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर सिट्रीन हाउस के विद्यार्थियों चार्ली सिंह, मनस्वी मित्तल, मीरा यादव, आरोही, हंसिका, सौम्या, काव्या जिंदल आदि द्वारा विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर को सुंदर एवं आकर्षक ढंग से सजाया गया, जिससे पूरे वातावरण में आनंद और उमंग का माहौल दिखाई दिया। कार्यक्रम की शुरुआत दो सांता क्लॉज़ द्वारा प्रधानाचार्या को आमंत्रित करने से हुई। इसके पश्चात शिक्षिका नसरीन अंसारी ने विद्यार्थियों को क्रिसमस पर्व के महत्व के बारे में सरल एवं रोचक शब्दों में जानकारी दी। कक्षा एस.के.जी. डैफोडिल के छात्र संचित तेवतिया ने क्रिसमस की सुंदर कहानी सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा 1 एवं 2 के विद्यार्थियों नव्या दीक्षित, वैदेही भारद्वाज, स्तुति बिजलवान, आरोही गर्ग, अरूबा इस्माइल, दुआ सिद्दिकी एवं गौरा सिंह ने मधुर समूह गीत प्रस्तुत कर समां बांध दिया। इस अवसर पर विद्यालय की निर्देशिका शक्ति अनिरुद्ध मित्तल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि क्रिसमस प्रेम, सेवा और भाईचारे का पर्व है, जो हमें एक-दूसरे के प्रति दया, सहयोग और सद्भाव की भावना सिखाता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या गरिमा सिंह ने कहा कि क्रिसमस जैसे त्यौहार बच्चों में खुशी, आत्मविश्वास और सांस्कृतिक मूल्यों का विकास करते हैं।

# कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत



**नूरपुर (चिंगारी)।** थाना क्षेत्र के गांव पूरनपुर नंगला निवासी युवक सुन्दर (32) पुत्र करन सिंह बुधवार की दोपहर बाइक द्वारा किसी कार्य से नूरपुर की ओर आ रहा था। जब वह गोहावर स्थित एक कॉलेज के पास पहुंचा तो विपरीत दिशा से आ रहे कार चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने घायल युवक को एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने युवक की नाजुक हालत के चलते प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया। परिजन उपचार के लिए युवक को मुरादाबाद ले जा रहे थे कि रास्ते में ही दम तोड़ दिया। परिजन युवक के शव को दौलतपुर पुलिस चौकी ले गये। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। घटना के बाद पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है। मृतक अपने पीछे तीन बच्चों व पत्नी को रोता-बिलखता छोड़ गया।

# जानलेवा हमले में दो आरोपी थमे



**नूरपुर (चिंगारी)।** मंगलवार की शाम दो अलग-अलग समुदायों के युवकों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद में मुन्ना ने अपने तीन अन्य साथियों मोहल्ला इस्लामनगर निवासी अमन व रविदासनगर निवासी साहिल व एक बाल अपचारी के साथ मिलकर रमनदीप व उसके दो साथियों इसम सिंह व गुरप्रीत के साथ मारपीट करते हुए गम्भीर रूप से घायल कर दिया था। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर कार्यवाही करते हुए मुन्ना व उसके तीन साथियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया था। पुलिस ने घटना के सम्बंध में कस्बे के मोहल्ला रविदासनगर निवासी साहिल व एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया, जबकि घटना का मुख्य आरोपी मुन्ना व उसका साथी अमन अभी फरार है। पुलिस उनकी गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।

# वोटर लिस्ट में नाम तलाशने में जुटे ग्रामीण



**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर चुनाव आयोग द्वारा चलाए गए वृहद पुनरीक्षण अभियान के क्रम में गत दिवस त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावली के ड्राफ्ट का प्रकाशन हुआ। पंचायत चुनाव की वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट प्रकाशित होते ही ग्राम प्रधान सहित त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अन्य पदों के दावेदार, उनके समर्थक समेत तमाम मतदाता अपना व अपने परिवार, रिश्तेदार व परिचितों आदि का नाम तलाशने में लग गए हैं। हालांकि 24 से 30 दिसंबर तक आपत्ति दर्ज कराने का समय निर्धारित है और इसी अवधि में नया नाम जोड़ने के लिए दावा/आवेदन, सम्मिलित नाम पर आपत्ति व अंकित विवरण में संशोधन का कार्य भी किया जाएगा। नाम जोड़ने के लिए दावा/आपत्ति हेतु प्रपत्र-2, संशोधन के लिए प्रपत्र-3 और किसी भी नाम पर आपत्ति के लिए प्रपत्र-4 भरकर आवेदन किए जा सकेंगे। पंचायत निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 6 फरवरी 2026 तक किया जाना तय है।

# स्कूलों में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस डे



मॉडर्न एरा स्कूल



गुरुकुल पब्लिक स्कूल


**बिजनौर (चिंगारी)।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल में क्रिसमस की पूर्व संध्या पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाल वाटिका एवं कक्षा एक से पांच तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। बच्चे परियों की व सांता क्लॉज की वेशभूषा धारण करके स्कूल आए। स्कूल में क्रिसमस की झांकी लगाई गई और कुछ बच्चों ने ईसा मसीह के जन्म से जुड़ी लघु नाटिका भी प्रस्तुत की। सांता क्लॉज बने बच्चों ने टॉफियां बांटीं। स्कूल की डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सीमा विश्वास ने बच्चों को केक खिलाया एवं टॉफियां बांटी। उन्होंने बताया कि ईसा मसीह ने मानव सेवा के लिए अपना जीवन तक न्यौछावर कर दिया। हमें भी उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और मानव सेवा में अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम रेनू भगत की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में मीनाक्षी शर्मा, रेनू सिंह, शालिनी तुली, दीपांशी माथुर, सामिया, शिवली, सुमिता खन्ना, गौरी बिश्नोई, गीतांजलि सिंह, शैफाली शर्मा, हबीबा खान और समस्त अध्यापिकाओं का सहयोग रहा।

**नांगल सोती (चिंगारी)।** गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल हरचंदपुर में क्रिसमस डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रोग्राम प्रस्तुत करते हुए इस दिन को प्रेम, शांति, क्षमा और मानवता का सन्देश प्रदान करने वाला बताया। साथ ही इंटर हॉउस क्लीनिंग कम्पटीशन भी आयोजित किया गया। सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने अपनी क्लास को बेस्ट बनाने के लिये भरसक प्रयास किया। 9 वीं कक्षा ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, 7 वीं कक्षा और छठी कक्षा ने संयुक्त रूप से दूसरा स्थान तथा 8 वीं कक्षा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल के एमडी डालचंद पाल तथा प्रधानाचार्य शूरवीर राजपूत ने विजेता कक्षाओं के बच्चों को सम्मानित किया।

# ओवरहैड टैंक से हो रही बदबूदार पानी की सप्लाई

**नांगल सोती (चिंगारी)।** पंजाब नेशनल बैंक के सामने ओवरहेड टैंक से नाली के गंदे तथा बदबूदार पानी की आपूर्ति हो रही है। जानकारी देने के बावजूद आपूर्ति का कार्य देख रही कम्पनी के कानों पर जूं नहीं रेंग रही है।

गंगा घट्टी के समीप स्थित ओवरहेड टैंक से नांगल सहित 9 गांवों को होने वाली पेयजल आपूर्ति का कार्य जल निगम ने कुछ माह पूर्व वीटीएल कम्पनी को हैंडओवर कर दिया था। जबसे पेयजल आपूर्ति का कार्य वीटीएल कम्पनी के हैंडओवर हुआ है, लोगों को गंदे, बदबूदार पेयजल की आपूर्ति नसीब हो रही है। पानी किसी काम का नहीं है। ओवरहेड टैंक की सफाई भी तब हुई थी, जब 'चिंगारी' ने इस खबर को प्रमुखता से



नाली में इस पाइप के पास हो रहा है लीकेज

प्रकाशित किया था और खबर का संज्ञान लेते हुए प्रशासनिक अधिकारियों ने सख्त निर्देश दिये थे। कई जगह से फूटी पड़ी पाइपलाइन को भी तभी ठीक किया गया था।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि वीटीएल कम्पनी द्वारा जब जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत भूमिगत पाइपलाइन डाली जा रही थी, तब पुरानी पाइपलाइन जगह – जगह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। अब पिछले कई दिनों से स्थानीय पंजाब नेशनल बैंक के सामने नाली में पाइपलाइन लीकेज हो रही है। नाली का गंदा तथा बदबूदार पानी पेयजल आपूर्ति में पहुंच रहा है। नलकूप चालक जितेन्द्र पाल का कहना है कि उनके द्वारा भी अधिकारियों को सूचित कर दिया गया था।

# जारी है नगर पालिका के विकास कार्य, जमीन पर उतरते दिखे वादे

**बिजनौर (चिंगारी)।** स्थानीय मोहल्ला मिर्दगान वार्ड नंबर 31 मे विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। वार्ड के सभासद आदिल एडवोकेट ने चुनाव के दौरान मतदाताओं से जो वादे किए थे, उन्हें पूरा करने में वे काफी हद तक सफल दिखाई दे रहे हैं। खस्सो कॉलोनी में पेयजल समस्या के समाधान के लिए एक बड़े ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिससे स्थानीय लोगों को शुद्ध पेयजल की सुविधा मिल सकेगी। इसके अलावा वार्ड में करीब 45 सड़कों का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है। कई स्थानों पर नालियों का निर्माण एवं मरम्मत कार्य कराया गया है। सभी गलियों और गलियारों में पानी की सप्लाई के लिए पाइपलाइन बिछाने का कार्य भी लगातार जारी है। सभासद मोहम्मद आदिल का कहना है कि वार्ड का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है और आने वाले समय में शेष कार्यों को भी पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाने और जागरूकता फैलाने में बिजनौर के लोकप्रिय समाचार पत्र 'चिंगारी' का भी महत्वपूर्ण योगदान है। वार्डवासी विकास कार्यों से संतुष्ट नजर आ रहे हैं और उम्मीद जता रहे हैं कि आने वाले समय में वार्ड नंबर 31 विकास की नई मिसाल बनेगा।आदिल एड.ने दावा किया कि चेयरपर्सन श्रीमती इंदिरा सिंह नगर के विकास के प्रति गंभीर है। उन्हे जिस काम के लिए भी कहा जाता है,वे तुरंत काम कराती हैं।

# बांग्लादेश का पुतला फूंका



चंदक (चिंगारी)। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के तत्वावधान में रेलवे स्टेशन के सामने बांग्लादेश सरकार का पुतला फूंका। प्रांत गौरक्षा प्रमुख कैलाश उपाध्याय ने कहा कि बांग्लादेश में बांग्लादेश सरकार के समर्थन में हिंदुओं पर अत्याचार किया जा रहा है और वहां के हिंदुओं के जानमाल की हानि ने रंतर जारी है। जिसके कारण भारत के हिंदुओं में विरोध की चिंगारी भड़की हुई है। अमित कुमार, डा. हरीश कुमार, डा. निशांक सह सेवा प्रमुख, अरविंद कुमार, सर्विन कुमार, कपिल कुमार, विनित कुमार जिला सह संयोजक आदि उपस्थित रहे।

# अरुण अग्रवाल फिर दो वर्ष के लिये चुने गये अध्यक्ष

**चांदपुर (चिंगारी)।** संयुक्त व्यापारी मंडल की बैठक में वर्तमान अध्यक्ष अरूण कुमार अग्रवाल को पुन: दो वर्ष के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुन लिया गया। कल शाम आर्य समाज में आयोजित बैठक में सर्व सम्मति से अरूण कुमार अग्रवाल दो



वर्ष के लिए अध्यक्ष बनाये गये, जबकि कृष्ण अवतार बैंकर्स, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल व कैलाश चंद्र संरक्षक होंगे। बैठक में विपुल तायल, सुधीर अग्रवाल,अजय बंसल, अमित गोयल, अमित अग्रवाल सोनू, राजीव अग्रवाल,अजय वर्मा,कमल गोयल, अतुल जैन, अशोक कुमार सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# दुर्घटना में शिक्षिका अपर्णा रानी घायल

धामपुर (चिंगारी)। लाला केदारनाथ सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की शिक्षिका अपर्णा रानी की हालत गंभीर बनी हुई है। अपर्णा रानी कल एक दुर्घटना में घायल हो गई थीं। मुरादाबाद के कॉसमॉस हॉस्पिटल में उनका उपचार चल रहा है। 50 वर्षीय अपर्णा रानी कल देर शाम दुर्गा विहार कॉलोनी में निर्माणाधीन अपना मकान देख कर पति मनोज चौहान के साथ वापस आ रही थी कि एक कार ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। समाचार दिए जाने तक अपर्णा रानी का कॉसमॉस हॉस्पिटल में उपचार चल रहा है। उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने चालक सहित कार को कब्जे में ले लिया है।

# कारतूस वाले पत्र के मामले में मुकदमा दर्ज

नांगल सोती (चिंगारी)। धमकी भरे पत्रों में कारतूस लपेटकर दुकानदार को आतंकित करने के प्रकरण में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम रायपुर खास उर्फ कोटसराय निवासी नसीम अहमद की घर में ही संचालित किराना की दुकान में मंगलवार-बुधवार की रात्रि में अज्ञात व्यक्तियों ने दो धमकी भरे पत्र डाल दिये थे। दोनों पत्रों के अंदर एक- एक 315 बोर का कारतूस भी रखा हुआ था। कल देर शाम नसीम की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध बीएनएस की धारा 351 (2) के अन्तर्गत आपराधिक धमकी देने का मुकदमा पंजीकृत किया है।

# सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारा पुत्र शरफुद्दीन अपनी पत्नी शाजिया व अपनी ससुराल वालों के कहने में रहता है, तथा अपनी पत्नी शाजिया को उसके मायके छोड़ विदेश चला गया है, अत: हमने अपने शेष परिवार सहित शरफुद्दीन व शाजिया से संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में हम उपरोक्त शरफुद्दीन व शाजिया के किसी भी कृत्य अथवा लेनदेन के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे।
**– आसमा पत्नी मो. सैफ, मौ. सैफ पुत्र मौ. शफी निवासीगण मोहल्ला तकिया वाली मस्जिद के पास,शेख सराय थाना नगीना जिला बिजनौर**

# नलकूपों से चुराते थे स्टार्टर, केबिल, मोटर व तार, दो आरोपी गिरफ्तार

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** क्षेत्र में किसानों के नलकूपों से चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है उन्होंने कई किसानों के निजी नलकूपों से चोरी की थी उनके पास से चोरी का माल भी बरामद हुआ। दोनों आरोपी युवक शातिर चोर बताये जा रहे हैं क्षेत्र के सिकंदराबाद उर्फ सिकंदरी गांव के सुधीर, तिर्मल सिंह, पवन सिंह, धूम सिंह आदि किसानों के नलकूपों पर चोरों ने मंगलवार की रात्रि केबिल के सहित अन्य सामान चोरी किया था। पीड़ित किसानों की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई, जिसे थाना प्रभारी हीमपुर दीपा जय भगवान सिंह ने गंभीरता से लिया। उन्होंने पुलिस टीम का गठन कर चोरी का खुलासा करने के निर्देश दिये तभी से पुलिस चोरों की तलाश में जुटी थी। थाना प्रभारी जय भगवान सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम रात्रि में सिकंदरी के पास चांदपुर-बिजनौर मार्ग पर वाहन चैकिंग कर रही थी, तभी पुलिस की नजर दो संदिग्ध युवकों पर पड़ी। पुलिस ने उन्हें तुरंत धर दबोचा और थाना लिवा लाये। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम लकी नागर पुत्र दलबीर, निवासी सुल्तानपुर, थाना हल्दौर तथा दीपक पुत्र नरेश उर्फ लाला, गांव सिकंदरी बताए। आरोपियों ने सिकंदरी और चांदपुर थाने के गांव सेंदवार आदि आठ नलकूप चोरियां कुबूल की हैं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपियों की निशानदेही पर चुराए गये विद्युत उपकरण 50 मीटर केबल चोरी में प्रयुक्त बाइक और अन्य सामान भी बरामद किया गया। उन्होंने दावा किया कि दोनों युवक शातिर चोर हैं। वे नजीबाबाद थाना क्षेत्र में भी नलकूप चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुके हैं।

# मालवीय चौक पर मनाई महामना की जयंती

**धामपुर (चिंगारी)।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक, भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती आज मालवीय चौक पर श्रद्धापूर्वक बनाई गई।

इस अवसर पर पंडित परितोष शास्त्री, आर्यन दीक्षित व पंडित गौरव शास्त्री ने वैदिक विधि विधान से जनकल्याण निमित हवन कराया, जिसमें महामना पंडित मदन मोहन मालवीय चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष लाला नरेंद्र गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष अनिल शर्मा एडवोकेट, सचिव जितेंद्र शर्मा बबलू, कोषाध्यक्ष हर्ष राणा, डॉ आदित्य अग्रवाल, रवि चौधरी नगर पालिका अध्यक्ष, डा. जितेंद्र कौशिक, विजय जैन पूर्व विधायक, डॉ. इंद्रदेव सिंह पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष, राजीव सिसोदिया, पंडित पवन कौशिक, पुरुषोत्तम अग्रवाल, अभय प्रताप, आरके



आर्य, राजू गुप्ता पूर्व पालिकाध्यक्ष, आदित्य कुमार सिंह प्रधान ग्राम जैतरा,अनिल शर्मा अनिल, कपिल शर्मा स्योहारा, चमन सिंह स्योहारा, अनिल शर्मा इंजीनियर, जयवीर सिंह सिसोदिया, मास्टर लक्ष्मण सिंह, सीताराम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# स्कूल के वार्षिकोत्सव पर संस्कृति संगम का भव्य आयोजन

## वालिया ग्लोबल एकेडमी में 'एक शाम कला, संस्कृति व भारतीय विरासत के नाम'






**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** वालिया ग्लोबल एकेडमी के वार्षिक उत्सव पर संस्कृति संगम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को भारतीय जड़ों, संगीत, नृत्य, कला व संस्कृति से जोड़ना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह, विद्यालय की प्रधानाचार्या अनिता सिवाच, प्रबंध समिति एवं अन्य अतिथियों के द्वारा सरस्वती मां के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। इस मौके पर कला व संस्कृति के संगम से सराबोर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन हुआ।

म्युजिकल इंस्ट्रूमेन्टल में शिवम, नैतिक, सार्थक, प्रखर आदि के विभिन्न वाद्य यंत्रों का प्रयोग करते हुए शाम को संगीतमय बना दिया। सरस्वती वंदना माही, चारु, इतिका, अभियांशी आदि ने प्रस्तुत की। वेस्टर्न डांस में नर्सरी कक्षा के नन्हें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पंजाबी देशी बीट्स में एलकेजी के गर्व, सर्वज, शिवांगी, निया अथर्व भारि ने भंगडे का तड़का लगाया। उत्सव डांस में कक्षा दो के कृष्णा, तरंग, मननं, संस्कृति, हरकीरत आदि ने शानदार प्रस्तुति दी। एक दिया नाती के माध्यम से यूकेजी के विहान, जीविका, अवनि, अम्मार, जग्गी ने भारतीय संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। भारतीय संस्कृति के विशाल महाकाव्य महाभारत के माध्यम से सिद्धांत, शुभ, माया, प्रतिष्ठा, अद्विक, ईशान आदि ने महिला सशक्तिकरण को दर्शाया। प्रयागराज कार्यक्रम में संस्कृतियों के संगम की अनूठी छटा प्रस्तुत की गयी। डांडिया रास, जोगा, घूमर नृत्य, राजा परीक्षित, काली कल्कि, लावनी डांस आदि कार्यक्रमों में भारतीय कला, संस्कृति एवं विरासत की छाप स्पष्ट दिखाई दी। वालिया ग्लोबल स्कूल में 2024-25 के विद्यालय के बोर्ड परीक्षाओं में बेहतरीन अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं कक्षा 10 सिदरा नूर, अर्शी, ईशान, रईस, अवनी राजपूत, मयंक कर्णवाल, शौर्य कुमार, इतमा, शीज रिजवी, दक्ष नामदेव, उन्नति, भूमिका, मशी तोमर, पंखुड़ी गुप्ता, प्लाक्षा रस्तोगी, प्रभु गुण कक्षा-12- उज्ज्वल अग्रवाल, राघव वालिया, अनामिका सिंह अवनी एवं पीपूष शर्मा को सम्मानित किया गया। कक्षा नर्सरी से 12 वीं तक के टॉप स्कॉलर, के एरिंग क्लासमेट, दा मोस्ट रेगुलर, मोस्ट आर्टिस्टिक, मोस्ट ग्रन्ड, छह मोस्ट प्रिगेरियस आदि अवार्ड देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसडीएम शैलेन्द्र सिंह ने कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि कार्यक्रम कला व संस्कृति से भरपूर तथा प्रेरणादायक था। ऐसे कार्यक्रम बच्चों को भारतीय संस्कृति व कला से परिचित कराते हैं। एसडीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह व सीओ नितेश प्रताप सिंह ने छात्र-छात्राओं की शानदार सास्कृतिक प्रस्तुति की सराहना की। विद्यालय परिवार को संस्कृति संगमा के आयोजन पर बधाई दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। विद्यालय की प्रबंध समिति की ओर से कमलकांत वालिया, रमाकांत वालिया, इंदु वालिया व रुचिका वालिया सहित प्रदीप डेजी ने स्कूल टीम को सुंदर वार्षिक उत्सव आयोजन के लिए बधाई दी एवं अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार व नगर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## सन शाइन पब्लिक स्कूल में मनाया गया क्रिसमस डे

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** सन शाइन पब्लिक स्कूल में क्रिसमस मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने सांता क्लॉज का रूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। सभी ने क्रिसमस डे, यानि जीसस, क्राइस्ट प्रभु यीशु के जन्मदिन को बड़ी धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर विद्यालय के कक्षा नर्सरी से एलकेजी व यूकेजी के बच्चों ने कविता तथा कक्षा एक व दो के छात्र-छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कक्षा चार व पांच की छात्राओं ने क्रिसमस डे पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया। छोटे बच्चों ने सांता क्लॉज बनकर सभी को उपहार वितरित किये। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक विनोद मित्तल ने कहा कि क्रिसमस ईसाई धर्म का सबसे बड़ा पर्व है, इस दिन सभी लोग चर्च में जाकर प्रभु यीशु से प्रार्थना करते हैं तथा क्रिसमस ट्री तथा घर व चर्च सभी को सजाते हैं। इस अवसर पर दीक्षा, वैष्णवी, दक्षिता, संता, स्वाति, सृष्टि, टीना, सनब, हेमंत, चहक, दविका, अर्पित, नैना, हर्ष, रूपांशी, ऋषभ आदि उपस्थित रहे।

## भाकियू ने नांगल के किसानों की समस्याओं के हल को ज्ञापन दिया


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान।

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने नांगल के किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम नजीबाबाद से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन दिया, जिसमें किसानों की फरवरी व मार्च में बोई गई फसल का वन विभाग द्वारा सितम्बर व अक्टूबर में किये गये सीमांकन पर गन्ने की फसल किसानों को दी जाने, वन विभाग द्वारा किसानों की जिन फसलों पर ट्रैक्टर चलाए गए हैं वह उन्हें दिये जाने, फसल के नुकसान का मुआवजा दिलाने, किसानों को उनके फर्द के हिसाब से राजस्व विभाग कृषि भूमि दिलाने, वन विभाग व राजस्व विभाग के नक्शे में 45 डिग्री का अंतर ठीक कराने, दोनों नक्शों का मिलान कर सीमांकन कराने आदि की मांग की गई। ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार, जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार, मंडल उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष विजय पहलवान, मंडल उपाध्यक्ष शिव कुमार, युवा मंडल उपाध्यक्ष मुकुल, जिला उपाध्यक्ष वीरेश राणा, सोनू, पप्पू, अजीत सिंह, ज्ञान सिंह, रोहित, सत्यपाल सिंह, साजिद, संजीव, विजय सिंह, राजबाला, मुन्नी, वीरो, जावित्री, बंटी आदि किसान मौजूद रहे।

## युवा भारत सेवा समिति ने गरीब बच्चों को जर्सियां बांटी


स्कूली बच्चों को जर्सी वितरित करते बीडीओ।

### पत्रकार मनोज शर्मा को सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित किया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** युवा भारत सेवा समिति द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज नजीबाबाद में जर्सी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए खंड विकास अधिकारी दीपक तेवतिया ने कहा कि छात्रों को अपने जीवन में संस्कार व शिक्षा आवश्यक रूप से सम्मिलित करना चाहिए, इसी से छात्रों का भविष्य सुंदर बन जाएगा। उन्होंने कहा की शिक्षा ही भविष्य का जन आधार है, जब तक छात्रों को सही शिक्षा नहीं मिलेगी तब तक उनका जीवन अधूरा है। श्री तेवतिया ने कहा कि समस्त नागरिकों को अपने अंश में से थोड़ी रकम निकालकर जरूरतमंद लोगों की सेवा करनी चाहिए। कृषि उत्पादन मंडी समिति के सचिव सचिन शर्मा ने कहा कि सेवा समिति का कार्य अति उत्तम है, समिति को इस कार्य को बरकरार रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को आगे आकर समाज सेवा करनी चाहिए। द्रोणा एकेडमी के डायरेक्टर वसीम बख्श ने कहा कि सेवा समिति के कार्य की जितनी प्रशंसा की जाये कम है। सेवा समिति ने जनपद बिजनौर में समाजसेवा के क्षेत्र में एक नया आयाम कायम किया है। पूर्व प्रधान सरदार हरप्रीत सिंह ने कहा कि वह सेवा समिति से पिछले लगभग 15 सालों से जुड़े हैं, भविष्य में भी जुड़े रहेंगे। इस्लामी फंड के प्रबंधक नफीस अहमद ने समिति के कार्य को सराहनीय बताया। कार्यक्रम में नन्ही छात्रा जोया ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम में सेवा समिति के उपाध्यक्ष शुभम कुमार, संदीप बहल, मनोज शर्मा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। सेवा समिति के अध्यक्ष शुभेंदु के संचालन में कार्यक्रम में अपूर्व, विश्वास, बसंत पाल, रविंद्र, विद्या भारती बिजनौर के डायरेक्टर श्याम लाल, तपन पाल, डॉ. ऋषिपाल कश्यप आदि उपस्थित रहे। समिति ने इस मौके पर युवा पत्रकार मनोज शर्मा को उनके सामाजिक कार्यों के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने सेवा समिति द्वारा सर्दी के मौसम में कॉलेज के चयनित जरूरतमंद छात्रों को स्कूली जर्सी उपलब्ध कराने के लिए आभार व्यक्त किया। युवा भारत सेवा समिति के डायरेक्टर सफदर आमिर ने सेवा समिति सेवा समिति की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी,**
**नगरपालिका परिषद, नजीबाबाद**
**( बिजनौर )**

अधिसूचना अंतर्गत धारा-147(2)
यू.पी. म्यु एक्ट 1916

समस्त प्रभावित पक्षों को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि श्री मौ. शाकिर पुत्र श्री निजामुद्दीन मौहल्ला मुगलूशाह तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर में नगरपालिका परिषद के कर सम्बन्धी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में श्रीमती शमीम बानो पत्नी श्री शकील अहमद नजीबाबाद जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतू बजरिये रजिस्टर्ड बैनाम व शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र दिया है। अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा। विवरण सम्पत्ति सं:-705/1 मुगलूशाह नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**
**न.पा. परिषद, नजीबाबाद**

# बिजनौर की प्राकृतिक संपदा ख़तरे में

## अब चुप रहने का समय नहीं

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद को प्रकृति ने अपार संपदा दी है। गंगा का प्रथम स्पर्श, उपजाऊ भूमि, वन क्षेत्र और जैव विविधता, यह सब इसे एक विशिष्ट पहचान देते हैं। लेकिन आज जब देश में अरावली पर्वत श्रृंखला को बचाने के लिए जनआंदोलन खड़े हो रहे हैं, तब यह प्रश्न और भी गंभीर हो जाता है–

क्या बिजनौर की हरियाली, नदियां और वन क्षेत्र बचाने की ज़िम्मेदारी हमारी नहीं है?




यदि आज हम नहीं जागे, तो आने वाला समय अत्यंत भयावह होगा। उन पीढ़ियों के लिए जो अभी जन्मी भी नहीं हैं। उनके फेफड़े कैसे सांस लेंगे? वे किस हवा और किस पानी पर जीवित रहेंगे?

बिजनौर में प्रतिवर्ष वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण किया जाता है, लेकिन यह कागज़ों और फोटो तक सीमित रह गया है। वास्तविकता यह है कि कुछ पैसों के लालच में उन्हीं ज़मीनों पर माफियाओं द्वारा कब्जा करा दिया जाता है। चार-चार साल पुराने पौधों को जोतकर मिट्टी में मिला दिया जाता है। यह केवल पर्यावरण अपराध नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के साथ खुला धोखा है।

दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य यह भी है कि इस माफियागिरि में कुछ तथाकथित किसान संगठन भी शामिल हैं। जिनका काम किसानों के हक़ की लड़ाई होना चाहिए, वही संगठन प्रकृति के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। और जब कोई जागरूक नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता या किसान इस लूट का विरोध करता है, तो उसे 'किसान विरोधी' बताने की कोशिश की जाती है।

यह एक सोची-समझी रणनीति है- ताकि माफिया बेनकाब न हों और असली दोषियों पर सवाल न उठे।

मां भागीरथी गंगा सबसे पहले बिजनौर में प्रवेश करती हैं, लेकिन गंगा किनारे की ज़मीनों पर हर साल अवैध कब्जे होते हैं। कई बार इन कब्जों को लेकर हिंसक घटनाएं और नरसंहार तक हो चुके हैं।

नांगल सोती, रावली क्षेत्र, गंज क्षेत्र- लगभग हर इलाके में वन विभाग के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से माफियाओं का कब्जा स्थापित हो चुका है।

बिजनौर के पास स्थित हैदरपुर वेटलैंड, जो वर्ष 1984 में बैराज बनने के बाद विकसित हुआ, आज अंतरराष्ट्रीय महत्व की रामसर साइट है। यहां हर वर्ष सैकड़ों विदेशी प्रवासी पक्षी आते हैं।



सरकार इसे संरक्षित और विकसित करना चाहती है, लेकिन विडंबना यह है कि उसी रामसर साइट पर सरकारी कर्मचारी और वन विभाग के अधिकारी लोगों को अवैध कब्जे करवा रहे हैं। यह केवल नियमों का उल्लंघन नहीं, बल्कि देश की अंतराष्ट्रीय प्रतिष्ठा और पर्यावरण संरक्षण के साथ विश्वासघात है।

आज बिजनौर के प्रत्येक नागरिक को यह समझना होगा कि ये अधिकारी और माफिया तो धन कमाकर चले जाएंगे, लेकिन आपको और आपकी संतानों को यहीं रहना है। अगर आज बिजनौर पर्यावरण की दृष्टि से स्वर्ग है, तो सोचिए- अगर पेड़ नहीं बचे, नदियां सूख गईं, वेटलैंड खत्म हो गए, तो हम आने वाली पीढ़ियों को क्या सौंपेंगे? यह लड़ाई किसान बनाम किसान की नहीं है। यह लड़ाई प्रकृति बचाने वालों बनाम प्रकृति लूटने वालों की है। अब चुप रहने का समय नहीं है। आज आवाज़ नहीं उठी, तो कल सांस लेने के लिए भी संघर्ष करना पड़ेगा। आइए, बिजनौर की प्रकृति को बचाने के लिए एकजुट हों। यह केवल आंदोलन नहीं- भविष्य की रक्षा है।

-चौ. दिगम्बर सिंह

## हरिओम शर्मा ने की एसआईआर कार्य की समीक्षा


बूथ समीक्षा करते हरिओम शर्मा।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा बुधवार को विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर हसुपुरा पहुंचे, जहां उन्होंने बूथ 240 व 242 एसआईआर के अंतर्गत हो रहे गहन पुनिरीक्षण कार्य की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बूथ-240 के अध्यक्ष अमरजीत सिंह व 242 के अध्यक्ष मनोज कुमार के कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर जिला सहकारी संघ के चेयरमैन व विधानसभा संयोजक पुष्पेन्द्र शेखावत, जिला महामंत्री नरेश भाटी, नगर मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, मंडल महामंत्री वीरप्रकाश भूईयार, गौहावर मंडल अध्यक्ष विनय चौहान, राहुल यादव, चौधरी रामअवतार सिंह, गजेंद्र सिंह सैनी, एडवोकेट हरेन्द्र सिंह जौहरी व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अगर राजाज्ञा शीघ्र नहीं हुई जारी आंदोलन करेंगे शिक्षणेत्तर कर्मचारी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के प्रदेश सम्मेलन में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की लंबित मांगों पर वार्ता, आश्वासन के बाद भी राजाज्ञा जारी न होने पर नाराजगी जाहिर कर नये वर्ष में बड़ा आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। लखनऊ के रवींद्रालय भवन में आयोजित दो दिवसीय प्रदेश सम्मेलन से लौटकर संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि संघ के प्रदेश समन्वयक आशादीन तिवारी व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने लंबित मांगों को लेकर शासनादेश जारी न करने पर नाराजगी जाहिर की। महामंत्री संजय पुंढीर व प्रदेश संयोजक मुकेश सिन्हा ने राजाज्ञा जारी न होने पर सवालिया निशान उठाते हुए नये वर्ष में संगठन की ओर से एक बड़े आंदोलन की जरूरत पर जोर दिया। प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक त्रिपाठी व कोषाध्यक्ष अनूप द्विवेदी ने संगठन के विस्तार, जिला इकाईयों को अधिक सक्रिय करने पर जोर दिया। राकेश पांडेय व राजन पांडेय के संचालन में प्रदेश के संगठन को समर्पित, जुझारू व कर्मठ शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को संघ की ओर से सम्मानित किया गया। सम्मेलन में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के प्रतिनिधि राजीव वाजपेई ने संगठन की लंबित मांग शिक्षक पद पर पदोन्नति, अवकाश नकदीकरण व वेतन विसंगति आदि को शासन में प्रमुखता से रखने का भरोसा दिया।


मुकेश सिन्हा को सम्मानित करते हुए संगठन के पदाधिकारी।

## पुलिया पर बैठे गुलदार को देख होश उड़े

**पैजनिया ( चिंगारी )।** कल सुबह-सुबह हाईवे पर रेस लगा रहे छात्रों के पुलिया पर बैठे गुलदार को देखकर होश उड़ गए। छात्रों के शोर मचाने पर गुलदार खेतों की ओर भाग गया। क्षेत्र के ग्राम अम्हेड़ा निवासी नितिन, कशिस, रोहित, नकुल आदि सुबह चार बजे अम्हेड़ा से नूरपुर मार्ग पर रेस लगाते हैं। बुधवार की सुबह जब छात्र रेस लगा रहे थे तो ग्राम रुस्तमपुर की पुलिया पर बैठे गुलदार को देख उनके होश उड़ गए। सामने बैठे गुलदार की गुर्राहट सुन छात्रों ने शोर मचाते हुए उल्टे पांव दौड़ लगाकर किसी तरह अपनी जान बचाई।

## सांड ने किसान को घायल किया

**पैजनिया ( चिंगारी )।** ग्राम पावटी में एक आवारा सांड ने हमला कर एक किसान को बुरी तरह घायल कर दिया। किसान की चीख सुनकर पहुंचे परिजनों ने किसान को बिजार से छुड़ाकर अस्पताल में भर्ती कराया। बुधवार की शाम पावटी निवासी दीवान सिंह अपने खेत पर पानी चलाने गया था, जैसे ही उसने खेत में खड़े बिजार को भगाने का प्रयास किया। सांड ने हमला कर दीवान सिंह को अपने सींगों से बुरी तरह घायल कर दिया। गांव के ईश्वर सिंह, योगराज, राशिद अंसारी, सचिन आदि ने खंड विकास अधिकारी से बिजार को पकड़वाने की मांग की है।

# श्रद्धापूर्वक मनाया यीशू मसीह का अवतरण दिवस


फादर डॉ. सीएम डेनियल







बिजनौर ( चिंगारी )। जिलेभर में यीशू मसीह के आगमन का पर्व क्रिसमस श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। बुधवार देर रात चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन हुआ। आधी रात को मां मरियम की कोख से प्रभु यीशू के अवतरण की झांकी सजाई गई, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मिशन कंपाउंड स्थित चर्च में आयोजित प्रार्थना सभा में फादर डॉ. सीएम डेनियल ने प्रभु यीशु के संदेशों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यीशू मसीह ने पूरी मानवता को पीड़ितों के आंसू पोंछने, प्रेम, सेवा और करुणा का मार्ग दिखाया है। नगर के अन्य चर्चों में भी मसीह समाज द्वारा कैरोल गान के माध्यम से प्रभु को याद किया गया और पीड़ित मानवता के घावों पर मरहम रखने की प्रार्थना की गई।

क्रिसमस के अवसर पर जिले के कई स्कूलों में भी दिन और देर रात तक कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्कूल परिसरों में क्रिसमस ट्री सजाए गए और बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। गुरुवार को अनेक स्कूलों में विशेष क्रिसमस समारोह आयोजित हुए।

इस दौरान जगह-जगह बच्चों और बड़ों को सांता क्लॉज की वेशभूषा में देखा गया, जो अपनी झोली से चॉकलेट, बिस्किट और अन्य उपहार बच्चों में बांटते नजर आए। कहीं क्रिसमस कार्निवल तो कहीं मेलों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# हिंदू सुरक्षा सेवा संघ ने फूंका बांग्लादेश का पुतला

किरतपुर ( चिंगारी )। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में आज हिंदू सुरक्षा सेवा संघ के कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश सरकार का पुतला फूंका और थाना प्रभारी को ज्ञापन दिया। आज सुबह 10 बजे हिंदू सुरक्षा सेवा संघ के प्रदेश सचिव अवधेश शर्मा नगर अध्यक्ष सोनू तोमर व अंसुल आर्य के नेतृत्व में कार्यकर्ता स्टेशन चौराहे पर इकट्ठा हुए और बांग्लादेश सरकार का पुतला फूंका। इसके पश्चात जुलूस निकालते हुए थाने पहुंचे। जुलूस में भारी संख्या में



युवाओं ने भाग लिया और थाने पहुंचकर थाना प्रभारी पुष्पा देवी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा कि नगर व क्षेत्र में रह रहे बांग्लादेशी रोहंगिया को चिह्नित कर भारत से निकालने की मांग की और बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार पर सरकार से मांग की कि बांग्लादेश के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। इस अवसर पर राहुल तोमर, गोविंदा वर्मा, विशाल कुमार, लवीगिरि, नीरज तोमर, अभिषेक तोमर, अजय कुमार, निकुंज रस्तोगी आदि काफी संख्या में युवा मौजूद थे

# सदाबहार गीत गाकर मौ. रफ़ी को याद किया

**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** हिन्दी सिनेमा के पार्शव गायक मो. रफ़ी की जयंती पर सदाबहार म्यूजिकल ग्रुप बढ़ापुर की ओर से नगर पंचायत के बारातघर में बुधवार को म्यूजिकल नाइट कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ आजाद समाज पार्टी के नेता जावेद अख्तर एडवोकेट ने फीता काटकर किया। पूर्व चेयरमैन शराफत हुसैन की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में सदाबहार म्यूजिकल ग्रुप के डायरेक्टर ज़ाकिर हुसैन अंसारी ने 'नागन सा रूप हे तेरा' और ओ नन्हे से फरिश्ते, गायक विशाल गुप्ता एडवोकेट ने तेरी आंखों के सिवा दुनिया में रखा क्या है और एक बंजारा गाए, गायक शमीम अहमद ने टूटे हुए ख्वाबों ने, सीनियर गायक मुअज्जम अली ने छलकाए जाम, मोहम्मद आरिफ ने तेरी गलियों में न रखेंगे कदम आज के बाद, देहरादून से आई गायिका किरन राजपूत और शाहनवाज आलम ने युगल गीत दीवाने हैं दीवानों को नजर चाहिए, जैसे खूबसूरत नगमे सुनाकर श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी।






# अंकिता हत्याकाण्ड ने एक बार फिर पकड़ा तूल

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन, प्रदेश सरकार का पुतला किया दहन

**कोटद्वार (चिंगारी)।** अंकिता हत्याकांड मामले के एक बार फिर तूल पकड़ लिया है। अंकिता के परिजनों को अब तक न्याय न मिलने का आरोप लगाते हुए नगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने झंडा चौक पर प्रदर्शन करते हुए प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया।

बुधवार को सभी कांग्रेस कार्यकर्ता महानगर अध्यक्ष मीना बछुवाण के नेतृत्व में झंडा चौक में एकत्रित हुये। इस दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ताओं ने कहा कि अंकिता हत्याकांड एक सुनियोजित आपराधिक मामला है। वीआईपी के नाम पर अब राष्ट्रीय नेता का चेहरा सामने आना शर्मनाक है। कहा कि अंकिता के परिजनों को अभी तक उचित न्याय नहीं मिल पाया है। प्रदेश सरकार हत्यारों को बचाने का प्रयास कर रही है। प्रदेश सरकार के इतने लंबे कार्यकाल में प्रदेश में महिला अत्याचारों में वृद्धि हुई है, लेकिन प्रदेश सरकार कार्रवाई के स्थान पर अत्याचारियों को बचाने का कार्य कर रही है। मौके पर प्रदेश सरकार से मामले की एक बार फिर जांच शुरू करने की मांग की गई और ऐसा न होने पर पूरे प्रदेश में सड़कों पर आंदोलन करने की चेतावनी दी गई। तत्पश्चात कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए पुतले को आग के हवाले कर दिया।


कोटद्वार स्थित झंडाचौक में बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन।

पुतला दहन में बलबीर सिंह रावत,विनोद डबराल, महिला कांग्रेस की पूर्व प्रदेश महामंत्री रंजना रावत, लक्ष्मी चौहान, शीला भारती, कृपाल सिंह नेगी, प्रदीप नेगी और परमानंद सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## किसान दिवस के रूप में मनाई चरण सिंह की जयंती

**कोटद्वार (चिंगारी)।** भाबर स्थित भगवंत ग्लोबल विश्वविद्यालय में देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की जयंती को किसान दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विवि में आयोजित कार्यक्रम का आरंभ प्रतिकुलपति प्रो. पी. एस. राणा ने उनके चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर किया। उन्होंने कहा कि वे किसानों के मसीहा थे और देश के प्रशासक होते हुए भी किसान कहलाने में गौरव अनुभव करते थे। कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है। देश के विकास में किसान का अतुलनीय योगदान है, जिसके लिए पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह ने अतुलनीय प्रयास किए।

## उपेक्षित चिलरखाल-लालढांग मोटर मार्ग का शीघ्र निर्माण कराने की मांग

**कोटद्वार (चिंगारी)।** पूर्व सैनिक संघर्ष समिति के अध्यक्ष महेंद्रपाल सिंह रावत ने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से चिलरखाल-लालढांग मोटर निर्माण की स्वीकृति दिलाने की मांग की है। इस संबध में बुधवार को कृषि राज्य मंत्री गणेश जोशी के माध्यम से केंद्रीय रक्षा मंत्री को प्रेषित ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि उत्तराखंड स्थित भारतीय सैन्य अकादमियों सहित गढ़वाल व कुमाऊं को आपस में लिंक करने के लिए इस मोटर मार्ग का निर्माण आवश्यक है। इस मोटर मार्ग के निर्माण से भाबर क्षेत्र की जनता को भी लाभ पहुंचेगा। लेकिन अभी तक इस मोटर मार्ग के निर्माण में बाधाएं ही पहुंचाई जा रही हैं। दूसरी ओर जनता भी इस मोटर मार्ग के निर्माण के लिए लंबे समय से आंदोलनरत है, इसलिए व्यापक जनहित को देखते हुए इस मोटर मार्ग का निर्माण अविलंब कराया जाना चाहिए। ज्ञापन में उन्होंने केंद्रीय रक्षा मंत्री से इस संबंध में अपने स्तर से उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

## राजेन्द्र संजवाण 19वीं बार बने अध्यक्ष

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** बार एसोसिएशन ऋषिकेश के चुनाव में राजेंद्र सजवाण ने 19वीं बार अध्यक्ष पद पर एकतरफा जीत हासिल की है। अध्यक्ष पद पर उन्हें 274 मत मिले जब कि अजय सिंह वर्मा को 97 मत ही मिल पाये, जबकि 2 मत अवैध हुए। महासचिव पद पर राज कौशिक को 159 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की, जब कि शैलेन्द्र चौहान को 131, अतुल कुमार यादव को 71 और सुनीता को 8 मत मिले तथा 4 मत अवैध रहे। उपाध्यक्ष पद पर सुरेश नेगी ने 155 मतों के साथ जीत हासिल की, जबकि सुशील कुमार को 65, नरेंद्र सिंह को 59, तारा राणा को 38, भूपेंद्र कुवंरती को 35 और हरीश कुमार को 14 मत मिले तथा 7 मत अवैध पाए गए। सह सचिव पद पर कृष्णा पांडे ने 215 मत प्राप्त कर मीनाक्षी नेगी को 150 मतों से पराजित किया, जहां 6 मत अवैध रहे। कोषाध्यक्ष पद पर विनोद कुमार मिश्रा को 152 मत, ऋषभ दत्त त्रिवेदी को 149 और आरती मित्तल को 63 मत मिले तथा 9 मत अवैध पाए गए। ऑडिटर पद पर हरीश कुमार आज़ाद ने 183 मत प्राप्त कर मनीष राजपाल को 182 मतों से पराजित किया, जब कि 8 मत अवैध रहे। अन्य सभी पदों पर भी राजेंद्र सजवाण के पैनल के प्रत्याशियों ने जीत दर्ज कर बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन किया।



### बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी गठित

## क्रैडल पब्लिक स्कूल में हुआ खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

**कोटद्वार (चिंगारी)।** भाबर क्षेत्र के निंबूचौड़ स्थित क्रैडल पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल सप्ताह के तीसरे दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं का आरंभ विद्यालय प्रबंधक रेणुका गुसाईं एवं राजीव गुसाईं द्वारा खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन कर किया गया।

तत्पश्चात आयोजित प्रतियोगिताओं में वॉलीबॉल बालक वर्ग में ब्लू हाउस प्रथम, येलो हाउस द्वितीय एवं रेड हाउस तृतीय स्थान पर रहा। बैडमिंटन सिंगल्स जूनियर बालक वर्ग में आर्यन विजेता एवं अभिजीत उपविजेता रहे। सिंगल्स सीनियर बालक वर्ग में आशुतोष विजेता व सक्षम उपविजेता रहे। बैडमिंटन डबल्स जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग में ब्लू हाउस प्रथम व ग्रीन हाउस दूसरे स्थान पर रहा। बैडमिंटन डबल्स सीनियर बालक वर्ग में ब्लू हाउस प्रथम व ग्रीन हाउस द्वितीय स्थान पर रहे। शॉट पुट सीनियर बालिका वर्ग में खुशी प्रथम, काजल द्वितीय एवं जान्हवी तृतीय स्थान पर रही। शॉट पुट सीनियर बालक प्रतियोगिता में आदर्श ने प्रथम, आयुष असवाल ने द्वितीय एवं आयुष जखमोला ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। खो खो सीनियर बालक वर्ग में ब्लू हाउस प्रथम, ग्रीन हाउस द्वितीय एवं येलो हाउस तृतीय रहा वहीं बालिका वर्ग में येलो हाउस प्रथम, रेड हाउस द्वितीय एवं ग्रीन हाउस ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## पुलिस ने छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया



**कोटद्वार (चिंगारी)।** एसएसपी सर्वेश पंवार के निर्देश पर सिडकुल क्षेत्र की कलालघाटी पुलिस ने छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों को साइबर अपराध, यातायत व बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन आदि के सम्बन्ध में जागरूक किया। चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राजाराम डोभाल ने कहा कि 31st के मौके पर किसी ने भी हुड़दंग मचाया, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पुलिस ने नये वर्ष के स्वागत के दृष्टिगत सिडकुल क्षेत्र के होटल, रेस्टोरेंट आदि में चैकिंग अभियान भी चलाया और संचालकों को अग्निशमन उपकरणों की संचालन विधि एवं आकस्मिकता की स्थिति में अग्नि सुरक्षा के दृष्टिगत निरोधात्मक उपाय के सम्बन्ध आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। चौकी इंचार्ज राजाराम डोभाल ने पुलिस टीम के साथ सिडकुल क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाकर स्थानीय लोगों से बाहरी व्यक्तियों पर निगाह रखने की अपील भी की। इस दौरान हेड कांस्टेबल सुशील कुमार रविंद्र भट्ट, अंजलि पाल, राखी आदि शामिल थे।

## महापौर ने सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** नगर निगम द्वारा एनसीएपी मद से स्वीकृत हरिद्वार मार्ग पर जयराम आश्रम से बी एन गंगा अस्पताल तक क्षतिग्रस्त स्थान पर वायु प्रदूषण से रोकथाम हेतु इंटरलॉक द्वारा सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास महापौर शंभू पासवान द्वारा किया गया। नगर निगम द्वारा विभिन्न स्थानों पर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे एनसीएपी मद से इंटरलॉक द्वारा सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिससे सड़क किनारे धूल-मिट्टी के कारण होने वाले वायु प्रदूषण से निजात मिलेगी। शिलान्यास के अवसर पर महापौर शंभू पासवान ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के विकास कार्य के लिए युद्ध स्तर पर निरंतर कार्य कर रहा है। प्राथमिकता के आधार पर सभी वार्डों में निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद रामकुमार संगर, सुजीत यादव, अरविंद राजभर, ऋषि चंद, वीरेंद्र गुप्ता, विपुल आदि मौजूद रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# नाबालिग को परेशान कर रहा था वसीम, पकड़ लाई बजरंग दल की टीम


सिंह होम्योपैथिक क्लीनिक
Curing with Science & Touch of Art
डॉ. प्रगति सिंह
(9+ वर्ष का अनुभव) बी.एच.एम.एस., डी.एन.एच.ई.
होम्योपैथिक चिकित्सक
Treatment Available :-
• बाल रोग
• स्त्री सम्बन्धित रोग (PCOD, Fibroid, Leucorrhoea)
• त्वचा रोग
• बालों की समस्या
• थाईराइड
• हाई बी.पी.
• मधुमेह
• गुर्दे की पथरी
• जोड़ों का दर्द, कमर दर्द
• साइटिका
• साइनसाइटिस (साइनस)
• दमा
• टाइफाइड, पीलिया
• कब्ज, गैस बनना, बवासीर
• अन्य पुराने व जटिल रोगों का इलाज
परामर्श समय सोमवार से शनिवार- प्रातः 10:30 से अपरान्ह 2:00 बजे तक सायं 5:00 बजे से रात्रि 7:30 बजे तक
SUNDAY CLOSED
97/27 पंचवटी कॉलोनी, बीना प्रकाश अस्पताल (पार्किंग) के सामने, बिजनौर (उ.प्र.)
+91-9528166349


## रामलीला मैदान में बुलाकर पकड़ा और पुलिस को सौंप दिया

बिजनौर (चिंगारी)। नाम बदलकर नाबालिग लड़की को पिछले काफी दिनों से परेशान कर रहे लगभग 50 वर्षीय एक अधेड़ को बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नगर की एक नाबालिग लड़की को इंस्टाग्राम पर पिछले काफी दिनों से एक व्यक्ति परेशान कर रहा था। वह अपना नाम राजन बताता था। बताया जाता है कि लड़की कई बार उससे बात करने को मना कर चुकी थी, लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा था। बजरंग दल वालों को पता चला तो आज दोपहर उन्होंने उसे रामलीला मैदान में बुलाया। आरोपी ने अपना नाम वसीम हैदर बताया, जो पास के गांव का निवासी है। बजरंग दल नेताओं ने उसे मारपीट कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## नारकोटिक्स टीम का बिजनौर में छापा

बिजनौर (चिंगारी)। यहां सिविल लाइन स्थित शिप्रा होटल वाली मार्केट में स्थित मेडिसिन प्वाइंट पर नारकोटिक्स बरेली टीम ने छापा मारा है। फिलहाल टीम की छापामारी जारी है। बताया जाता है कि ये छापामारी प्रतिबंधित दवाइयों की बिक्री किये जाने की शिकायत पर की गई है।


जामा मस्जिद चाहशीरी बिजनौर
सूचना नीलाम किराया
जामा मस्जिद की एक दुकान जैन मंदिर रोड पर किराये के लिये खाली है। किराये व प्रीमियम के लिये 26/12/2025 को मस्जिद में दोपहर 2:30 बजे आम बोली की जायेगी। बोली बोलने की फीस एक हजार रुपये है, जो वापस नहीं होगी। सिक्योरिटी 25000/- है जो वापस हो जायेगी।
जावेद आफताब, सदर कमेटी, जामा मस्जिद, बिजनौर

तुरन्त आवश्यकता
चौधरी यामाहा की वर्कशॉप में एक कुशल व अनुभवी मैकेनिक की। कम से कम एक साल के अनुभवी को प्राथमिकता। आकर्षक वेतन, योग्यता व अनुभवानुसार। सम्पर्क करें-
सिविल लाइंस, स्टेशन रोड, बिजनौर मो. 9927004784


## मार्निंगवाक पर निकले अधिवक्ता फ़क़ीर चन्द को एम्बुलेंस ने कुचला, मौत



बिजनौर (चिंगारी)। मार्निंगवाक को गये एक अधिवक्ता को एम्बुलेंस ने कुचल दिया जिससे उनकी मौत हो गई। दुर्घटना से अधिवक्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई। यहां शुगर मिल के पास रहने वाले अधिवक्ता फ़क़ीर चन्द (72 वर्ष) आज सुबह मार्निंगवाक पर निकले थे। बताया जाता है कि वे सड़क किनारे चल रहे थे कि एक तेज़ रफ़्तार एम्बुलेंस आई और उन्हे कुचती हुई निकल गई। हादसे में फ़क़ीर चन्द की मौत हो गई। फ़क़ीर चन्द कचहरी बिजनौर में प्रेक्टिस करते थे। उनका शुमार रेवन्यू के बड़े वकीलों में होता था। वे एक बार ज़िला बार एसोसिएशन का चुनाव भी लड़े थे। फ़क़ीर चन्द की आकस्मिक मौत से अधिवक्ताओं मे शोक है। चिंगारी परिवार उनकी मौत पर हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करता है।


ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER
इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक
ATHER ELECTRIC DECEMBER
You can wait or YOU CAN SAVE ₹20 000*
₹10 000 On Credit Card ₹10 000 Cash benefits

एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।
सेल्स एग्जीक्यूटिव Male & Female
मैकेनिक Male
E&periance Minimum 1 Years
( समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक )
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911